


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



नीरज-हिमानी के रिसेप्शन की तैयारियां......11

वर्ष : 12 | अंक : 282 | पटना, रविवार, 26 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


### आवश्यक सूचना

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी दिन रविवार को प्रातः किरण के दफ्तर में अवकाश रहेगा। अतएव पाठकों को अखबार का अंगला अंक 28 जनवरी मंगलवार को मिलेगा। आप सभी पाठकों एवं शुभचिंतकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# आधुनिक विश्व के लिए भारत का लोकतंत्र एक अनोखा उदाहरण है : मुर्मू

## 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति ने मतदाताओं को दी बधाई

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों को सकुशल संपन्न कराने वाले कुछ चुनाव अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में देशवासियों को लोकतंत्र के इस अहम दिवस की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने 100 करोड़ मतदाताओं को संबोधित किया। बोलीं, पंद्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मैं देश के लगभग 100 करोड़ मतदाताओं को बधाई देती हूं। आज के सभी पुरस्कार विजेताओं को मैं विशेष बधाई देती हूं। निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न आयामों में योगदान देने वाले सरकारी और निजी संस्थान प्रशंसा और पुरस्कार के योग्य तो हैं ही, वे चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अन्य व्यक्तियों और संस्थानों के लिए अनुकरणीय उदाहरण भी प्रस्तुत करते हैं। राष्ट्रपति ने बताया कि निर्वाचन आयोग के चुनाव प्रबंधन को भी सराहा। कहा, 25 जनवरी को ही निर्वाचन आयोग का स्थापना दिवस भी है। निर्वाचन आयोग ने हमारे लोकतांत्रिक गणराज्य की सेवा के 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस दौरान, निर्वाचन आयोग ने 18 लोकसभा चुनाव एवं 400 से अधिक विधानसभा चुनाव सफलतापूर्वक सम्पन्न कराए हैं। इन चुनावों में निष्पक्ष और समावेशी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सभी देशवासियों और मतदाताओं




की ओर से मैं वर्तमान और पूर्ववर्ती निर्वाचन आयुक्तों, कर्मचारियों तथा इलेक्शन मशीनरी से जुड़े सभी लोगों की सराहना करती हूं। मुर्मू ने संविधान निमाताओं के अभूतपूर्व योगदान को भी याद किया। कहा, हमारे संविधान निमाताओं ने संविधान के निर्माण तथा उसे लागू करने की प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग तथा चुनाव प्रणाली को सर्वोच्च प्राथमिकता दी थी। 26 नवंबर 1949 के दिन संविधान को अंगीकृत किया गया था। संविधान के कुछ विशेष अनुच्छेद उसी दिन से लागू कर दिए गए थे। उन थोड़े से अनुच्छेदों में निर्वाचन आयोग के निर्देशन और नियंत्रण में होने वाली चुनाव प्रक्रिया से जुड़ा अनुच्छेद 324 भी है। प्रथम गणतंत्र दिवस के एक दिन पहले निर्वाचन आयोग का गठन होना भी राष्ट्र निमाताओं द्वारा चुनाव प्रक्रिया तथा निर्वाचन आयोग के महत्व को रेखांकित करता है। राष्ट्रपति ने आगे कहा, संविधान को अंगीकृत करने के एक दिन पहले, यानी 25 नवंबर 1949 के दिन, बाबासाहेब आंबेडकर ने, संविधान सभा में दिए गए अपने ऐतिहासिक संबोधन में, इस बात को विस्तार के साथ समझाया था कि भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्राचीन काल से ही विद्यमान थी।

अनेक ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि भारत-माता लोकतंत्र की जननी है। हम सभी देशवासियों के लिए यह गर्व की बात है कि हमारा लोकतंत्र विश्व का प्राचीनतम लोकतंत्र होने के साथ-साथ विश्व का सबसे विशाल, विविधतापूर्ण, युवा, समावेशी और संवेदनशील लोकतंत्र भी है। आधुनिक विश्व के लिए भारत का लोकतंत्र एक अनोखा उदाहरण है। हमारी चुनाव प्रणाली तथा प्रबंधन से विश्व के अनेक देश सीख ले रहे हैं। राष्ट्रपति ने देश को बताया कि क्यों देश की निर्वाचन प्रक्रिया अद्भुत है। बोलीं, निर्वाचन आयोग के प्रबंधन, मतदाताओं की भागीदारी, सुरक्षाकर्मियों तथा इलेक्शन मशीनरी में सहयोग देने वाले नागरिकों के बल पर भारतीय लोकतंत्र द्वारा जिस विशाल पैमाने पर चुनाव आयोजित किए जाते हैं वह पूरे विश्व में अतुलनीय है। मुर्मू ने आगे कहा, हमारे समावेशी लोकतंत्र की प्रभावशाली झलक चुनावों में देखने को मिलती है। पिछले तीन लोकसभा चुनावों में लगातार 66 प्रतिशत से अधिक मतदान के लिए मैं निर्वाचन आयोग और मतदाताओं को बधाई देती हूं। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी कार्ड प्राप्त करने वाले युवा मतदाताओं को बधाई दी। उन्हें समझाया कि इसके साथ उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं। मैं चाहूंगी कि मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हो।

### संक्षिप्त खबरें

## मुख्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर दी बधाई



प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों को नमन किया और कहा कि उनकी कुर्बानियों को बुलाया नहीं जा सकता है। भारतीय गणतंत्र के गौरव एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले सभी वीर सपूतों को भी स्मरण करने का यह दिवस है। यह हमारे लोकतंत्र के जश्न के मानने और हमारे संविधान में शामिल विचारों एवं मूल्यों को संजोने का अवसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा गणतंत्र लोकतांत्रिक मूल्य एवं भारतीय संविधान के प्रति अखंड, निष्ठा और हमारी अनेकता में अनेकता की अभिव्यक्ति का संकल्प है। हम सबको अपनी आजादी, एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लेना है। राज्य में आपसी भाईचारा शांति एवं सद्भाव बनाए रखना है शांति और सद्भाव में ही समृद्धि और प्रगति है ।

# 2025 को भारत-आसियान पर्यटन वर्ष के रूप में मनाया जाएगा : मोदी

## पीएम और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने द्विपक्षीय वार्ता की, कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर

**पीएम बोलें-साइबर, समुद्री सुरक्षा और कट्टरपंथ से मुक्ति के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे भारत और इंडोनेशिया**

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने शनिवार को राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता की। बैठक के दौरान कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया, जिसमें स्वास्थ्य सहयोग, डिजिटल बुनियादी ढांचे और रक्षा सहयोग जैसे क्षेत्र भी शामिल हैं। पीएम मोदी ने आसियान और इंडो-पैसिफिक क्षेत्रों में भागीदार के रूप में इंडोनेशिया के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने एक्ट ईस्ट नीति के तहत आसियान की केंद्रीयता और एकता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। पीएम मोदी ने कहा,



वर्ष 2025 को भारत-आसियान पर्यटन वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। इससे भारत और इंडोनेशिया के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ेगा और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इंडोनेशिया आसियान और इंडो-पैसिफिक क्षेत्रों में हमारे लिए एक महत्वपूर्ण भागीदार है। हम दोनों इस क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, समृद्धि और कानून के शासन को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी एक्ट-ईस्ट नीति में आसियान की एकता और केंद्रीयता पर जोर दिया गया है। दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए, पीएम मोदी ने कहा, इंडोनेशिया भारत के पहले गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि था। जब हम गणतंत्र के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, तो यह बहुत गर्व की बात है कि इंडोनेशिया इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार का उल्लेख किया, जो पिछले साल 30 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया। उन्होंने फिनटेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की घोषणा की। पीएम मोदी ने समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी और डी-रेडिकलाइजेशन में सहयोगी प्रयासों का भी उल्लेख किया। महत्वपूर्ण समझौतों में समुद्री सुरक्षा और सुरक्षा शामिल है, जिसका उद्देश्य अपराध की रोकथाम, खोज और बचाव और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना था। इसके अतिरिक्त, ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिजों, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष में साझेदारी को और मजबूत किया गया है। पीएम मोदी ने रामायण, महाभारत और बाली यात्रा का संदर्भ देते हुए सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों पर और इंडोनेशिया के प्रम्बनन हिंदू मंदिर के संरक्षण में भारत की भागीदारी पर भी प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स में इंडोनेशिया की सदस्यता का स्वागत किया और वैश्विक दक्षिण देशों के हितों पर सहयोग करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई।

# नीतीश कुमार की नीतियों के कारण निरंतर बढ़ रहा है जदयू का कारवां : उमेश

## राजद व जनसुराज के कई नेताओं ने थामा जदयू का दामन

प्रात : किरण

पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में अखिल भारतीय धानुक उत्थान महासभा के जिलाध्यक्ष सह भागलपुर मुखिया संघ के जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार राय एवं राजद की प्रदेश। उपाध्यक्ष सह राज्य बाल संरक्षण आयोग की पूर्व सदस्य शोभा प्रकाश कुशवाहा के नेतृत्व में विभिन्न राजनीतिक दलों के कई साथियों एवं बड़ी संख्या में भागलपुर के त्रिस्तरीय पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने जनता दल यू का दामन थामा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सभी को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की करिश्माई व्यक्तित्व, कुशल नीतियों एवं न्याय के साथ विकास के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम है कि समाज के तमाम वर्गों का रुझान निरंतर जदयू की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों से आए कई वरिष्ठ साथीगण एवं त्रिस्तरीय पंचायत के जनप्रतिनिधिगण एकजुट होकर



नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत बनाएंगे और समाजिक न्याय की धारा को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति कार्यकताओं का उत्साह और विश्वास उमड़ कर सामने आ रहा है, यह दशार्ता है कि 2025 में 225 और फिर से नीतीश का संकल्प निश्चित सकारा होगा। विधानपार्षद सह राष्ट्रीय महासचिव भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के सूरत को बदला है और उसी से प्रेरती होकर नए साथी जदयू से जुड़कर काम करना चाहते हैं। राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व मंत्री श्याम रजक ने नए साथियों से एनडीए को मजबूत बनाने की अपील की। राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि जनता दल यू सिद्धांतों पर आधारित राजनीतिक दल है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कभी भी अपनी विचारधारा से समझौता नहीं किया। इस मौके पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता महेश्वर सिंह, मुखिया शिवकुमार दास उर्फ कंचन, जिला परिषद सदस्य शिव कुमार, पूर्व जिला परिषद बिरु मंडल, प्रमुख प्रतिनिधि अजय मंडल, उपप्रमुख मोतीलाल, रीना वर्मा, नगर निगम की वार्ड पार्षद कुमारी कल्पना, नवल सिंह, शत्रुध्न मंडल, पंचायत समिति सदस्य मो दानिश, नूर हसन, मो अहद एवं मो रफि आलम रहें। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी वासुदेव कुशवाहा ने की।




## संक्षिप्त खबरें

### कार बरामदगी मामले में एक को जेल

कल्याणपुर, थाना क्षेत्र के खजुरी सिमान के समीप से भाड़ा कर दरभंगा ले जा रहे कार को अज्ञात बदमाशों द्वारा चालक को उतार छीन लिया गया था। जिसमें चालक द्वारा कल्याणपुर थाना में सुचना दिया। सूचना पर कल्याणपुर पुलिस ने मोहिउद्दीननगर के एक आम के बगीचे से कार बरामद कर लिया गया। जिसमें एक बदमाश वारिसनगर थाना क्षेत्र के बाबूपुर गांव निवासी विपिन राय के पुत्र अखिलेश राय को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि कार मामले में नामजद आरोपी था। जिसे गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया है।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एसडीएम ने कर्मियों को दिलाई शपथ

पालीगंज : भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार शनिवार को पालीगंज अनुमंडल कार्यालय परिसर में 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस दौरान एसडीएम अमन प्रीत सिंह ने मौजूद कर्मियों, अधिवक्ताओं व अधिकारियों को मतदान की शपथ दिलाई। मौके पर उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा का पालन करते हुए स्वतंत्र निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करने एवं धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा एवं और बिना किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए निर्वाचन में भाग लेकर अनिवार्य रूप से मतदान करें। एसडीएम ने कार्यक्रम के दौरान अच्छा कार्य करने वाले बीएलओं की हौसला अफजाई करते हुए उनके कार्यों को सराहा। इसके उपरांत सभागार में मौजूद सभी लोगों ने एक साथ इसकी शपथ ली। इस मौके पर कार्यालय कर्मी, अधिवक्ता व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### पूर्व सांसद आरके सिन्हा के स्वास्थ्य लाभ हेतु हुआ हवन-पूजन

फतुहा। शनिवार को शहर में सम्मसपुर महावीर घाट स्थित रामजानकी ठाकुरवाड़ी मंदिर में पूर्व राज्यसभा सांसद आरके सिन्हा के स्वास्थ्य लाभ के लिए सच्चितानंद यादव के नेतृत्व में हवन-पूजन किया गया। जानकारी अनुसार 17 जनवरी की शाम वो दिल्ली में एक बैठक के बाद घर जा रहे थे। तभी अचानक उन्हें ब्रेन स्ट्रोक आ गया। इसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। इमरजेंसी दवाओं के बाद विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह से रात में ही ऑपरेशन किया गया। अभी वे दिल्ली मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के आईसीयू में विशेषज्ञ डॉक्टरों की देख-रेख में हैं। अभी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। मौके पर महंथ जयराम दास, पुजारी विद्यासागर, कृष्णा पांडेय, सुरेश बाबा, अनिल प्रसाद मुखिया, पारसनाथ यादव, उपेंद्र यादव, गोपाल शर्मा, विश्वजीत शर्मा, राजीव रंजन सिंह, शिवनाथ कुमार ने पूर्व राज्यसभा सांसद आरके सिन्हा के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर लगा शिविर

फतुहा। शनिवार को फतुहा स्थित विद्युत प्रमंडल कार्यालय परिसर में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन प्रशासी अधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में लगाया गया। उपस्थित लोगों को इस योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। सरकार द्वारा एक किलोवाट से लेकर तीन किलोवाट तक के बिजली सोलर माध्यम से देने की बात कही गयी तथा 78 हजार रुपए की सब्सिडी भी उपभोक्ताओं को दिए जाने की जानकारी दी गयी। मौके पर दयानंद मिश्रा, रविश कुमार समेत कई उपभोक्ता मौजूद थे।

### महिला गंगा नदी में छलांग लगाकर दी जान

दानापुर नगर के अंतर्गत ।पीपापुल से शनिवार को अपराह्न एक महिला गंगा नदी में छलांग लगा दी ।जिससे वह नदी में डूबने लगी। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने शोर मचाते हुए बचाव में दौड़े। तब तक वह नदी में समा गई। बताया जाता है किपारिवारिक विवाद से गुस्से में आकर महिला ने नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पाकर एसडीआरएफ की टीम पहुंची और शव खोजने में जुट गई। लेकिन शाम तक शव नहीं मिल सका ।अकिलपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि नदी में कुदने से पहले महिला ने कपड़ा और कुछ कागजात पुल पर ही छोड़ दी थी। जिसकी पहचान शाहपुर थाना क्षेत्र के मियापुर काली मंदिर निवासी रविन्द्र राय की पत्नी रंजीता देवी 34 वर्षके रूप की गई। सूचना पाकर पहुंचे परिजन पीपापुल पर रोते-बिलखते हुए पहुंचे।


### एनडीपीएस ऐक्ट के फरार अभियुक्त गिरफ्तार

मसौढ़ी !एनडीपीएस एक्ट के नामजद अभियुक्त सोनू कुमार को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार का न्याय हिरासत भेज दिया। ससोनू कुमार थाना क्षेत्र के तारेगना मुसहरी निवासी भोला मांझी का पुत्र है ।इसके विरुद्ध थाना में वर्ष 2024 में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिक की दर्ज है। इसके उपरांत से आरोपी फरार चल रहा था ।शुक्रवार को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।

# सामुदायिक रेडियो के माध्यम से टीबी के खिलाफ जनजागरूकता अभियान को मिलेगा बढ़ावा

**प्रात : किरण संवाददाता**

पटनाः बिहार स्वास्थ्य विभाग ने टीबी उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के साथ साझेदारी की है। शनिवार को राज्य टीबी कार्यक्रम पदाधिकारी , डॉ. बी.के. मिश्रा ने सात जिलों के नौ सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया और टीबी जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि टीबी उपचार और रोकथाम योग्य है और इसके लिए जल्दी पहचान और समय पर उपचार आवश्यक है। टीबी के प्रति जागरूकता और भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास डॉ. मिश्रा ने टीबी से संबंधित गलत धारणाओं को दूर करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कई लोग जानते हैं कि टीबी हवा और ड्रॉपलेट्स से फैलता है, लेकिन यह समझने में असफल रहते हैं कि यह पूरी तरह से इलाज योग्य है। उन्होंने कहा कि लोगों को यह विश्वास दिलाना जरूरी है कि टीबी से पूरी तरह से ठीक हुआ जा सकता है। जल्दी परीक्षण और इलाज के माध्यम से इस बीमारी के




प्रसार को रोका जा सकता है। उन्होंने सामुदायिक रेडियो से अपील की कि वे टीबी के उपचार और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने बताया कि टीबी की हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) में निःशुल्क परीक्षण और उपचार उपलब्ध है। इसके अलावा, उन्नत डायग्नोस्टिक उपकरण जैसे सीबी-नैट और ट्रूनैट मशीनों को ब्लॉक स्तर पर उपलब्ध कराया गया है ताकि रोगियों को समय पर और सटीक निदान मिल सके। पोषण और जीवनशैली कारकों पर रखें ध्यान डॉ. मिश्रा ने कहा कि धूम्रपान, तंबाकू और कुपोषण जैसे कारक टीबी के खतरे को बढ़ाते हैं। उन्होंने बच्चों के पोषण में सुधार करने और कुपोषण को कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

पोषण का सही स्तर सुनिश्चित करना टीबी को समाप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने रेडियो स्टेशनों से आग्रह किया कि वे स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने और सही खानपान के प्रति लोगों को जागरूक करें। निक्षय पोर्टल से टीबी मरीजों को मिल रही पोषण सहायता राशिः ॉ. मिश्रा ने निक्षय पोर्टल और टीबी आरोग्य साथी ऐप का उपयोग करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि टीबी आरोग्य साथी ऐप टीबी उपचार की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाता है। उन्होंने यह भी कहा कि निक्षय पोर्टल के माध्यम से टीबी रोगियों को हर महीने 1,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है, जिससे उनकी पोषण संबंधी आवश्यकताएं पूरी हो सकें। उन्होंने रेडियो स्टेशनों से अपील की कि वे इन डिजिटल साधनों का प्रचार करें और टीबी से संबंधित सामाजिक अंधविश्वास को खत्म करने के लिए सकारात्मक कहानियों को बढ़ावा दें।

उन्होंने कहा कि कहानियां समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने में मददगार होंगी। सामुदायिक रेडियो के साथ मिलकर काम करने की जरूरतः डॉ. मिश्रा ने जिला स्तर के अधिकारियों से सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के साथ मिलकर काम करने और उन्हें समुदाय में जागरूकता फैलाने की गतिविधियों में शामिल करने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन रेडियो स्टेशनों को टीबी से संबंधित महत्वपूर्ण संदेशों को संबंधित समुदायों तक निरंतर पहुंचाने के लिए एक प्रभावी मंच के रूप में उपयोग किया जाना चाहिए, ताकि टीबी उन्मूलन की दिशा में जागरूकता और प्रयास जनता के बीच प्राथमिकता में बने रहें। सामुदायिक रेडियो निभा रहा भूमिका सामुदायिक रेडियो ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जानकारी पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम बन गया है। 100-दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत, सामुदायिक रेडियो स्टेशन टीबी की रोकथाम, उपचार और कलंक को कम करने के संदेश फैलाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं, जिससे यह अभियान जनभागीदारी का सशक्त उदाहरण बन रहा है। इस दौरान बिहार के विभिन्न सामुदायिक रेडियो स्टेशनों ने भाग लिया। जिनमें रेडियो वर्षा (गोपालगंज), रेडियो रिमझिम (गोपालगंज), केवीके बाढ़ (पटना), वॉयस ऑफ इंडिया (सिवान), सीआर केवीके मानपुर (गया), रेडियो गूंज (वैशाली), रेडियो एक्टिव (भागलपुर), ग्रीन रेडियो (भागलपुर), रेडियो स्नेही (सिवान), और रेडियो मयूर (सारण) शामिल हुए।

## कल संपूर्ण जिले में हर्ष एवं उल्लास के वातावरण में मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**प्रात : किरण संवाददाता**

मधुबनी संपूर्ण जिले में हर्ष एवं उल्लास के वातावरण में गणतंत्र दिवस मानयेजाने को लेकर सभी तैयारिया पूर्ण कर ली गई है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2025 को जिला मुख्यालय में ध्वजारोहण के कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें सबसे पहले पूर्वाहन 9:00 बजे माननीय मंत्री मंत्री खाद्य एवं उपभोक्ता एवं संरक्षण विभाग सह प्रभारी मंत्री मधुबनी जिला लेशी सिंह द्वारा वाटसन उच्च विद्यालय के प्रांगण में जिला स्तरीय मुख्य समारोह स्थल पर ध्वजारोहण किया जाएगा ।मुख्य समारोह स्थल पर विभिन्न विभागो द्वारा निकाली जाएंगी आकर्षक झांकिया ।इसके बाद पूर्वाहन 9:55 पर समाहरणालय में जिला पदाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। इसके उपरांत 10:10 पर अनुमंडल कार्यालय सदर मधुबनी में अनुमंडल पदाधिकारी सदर अश्वनी कुमार द्वारा झंडोत्तोलन कार्यक्रम होगा। 10:20 पर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण में उप विकास आयुक्त दीपेश कुमार द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। 10:30 पर जिला परिषद मधुबनी के कार्यालय में जिला परिषद परिषद अध्यक्षा बिंदु गुलाब यादव द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। 10 बजकर 40 मिनट पर जिला पदाधिकारी द्वारा रेड क्रॉस भवन पर ध्वजारोहण किया जाएगा। 10:50 पर नगर निगम कार्यालय मधुबनी में झंडोतोलन किया जाएगा 11:05 नगर थाना के थानाध्यक्ष द्वारा नगर थाना परिसर में तिरंगा फहराया जाएगा और 11:20 में पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार के द्वारा पुलिस लाइन मधुबनी में ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पूरे जिले में गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के सभी महादलित टोलो में पूरे हर्षोल्लास एवं उत्सव के वातावरण में टोला बुजुर्ग द्वारा तिरंगा फहराया जाएगा जिसमे प्रभारी मंत्री सहित जिले के पदाधिकारी भी भाग लेगे ।शम्भुआर ग्राम के महादलित टोला वार्ड नंबर 5 में टोला बुजुर्ग राम विलास राम प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में झंडोतोलन करेगे। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर जिले के सभी जनप्रतिनिधियो गणमान्य अधिकारियो प्रिंट एव इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी प्रतिनिधियो सहित तमाम जिलेवासियो को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होने कहा है कि जिले वासियो के सहयोग से मधुबनी जिला समाजिक सौहाद्र शांतिपूर्ण एवं विधि व्यवस्था के वातावरण में प्रगति की राह पर सदैव अग्रसर रहेगा।

## राजस्व संग्रह की लक्ष्य प्राप्ति व एमनेस्टी स्कीम को लेकर वाणिज्य कर विभाग ने की बैठक



**समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता**

वाणिज्य कर विभाग के राज्य कर संयुक्त आयुक्त के कार्यालय में शनिवार को राजस्व संग्रह तथा अन्य मुद्दों पर लेखापाल, वकील, सीए, जीएसटी प्रैक्टिशनर के साथ बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता राज्य कर संयुक्त आयुक्त कृष्ण मोहन सिंह ने की। बैठक मे राजस्व संग्रह के लक्ष्य को शत-प्रतिशत हासिल करने हेतु विचार-विमर्श किया गया तथा एमनेस्टी स्कीम की जानकारी दी गयी। बैठक में बताया गया कि जीएसटी माफी (एमनेस्टी) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-2020 के लिए लागू होगा। वहीं बैठक में शत-प्रतिशत रिटर्न फाइल, प्रोफेशनल टैक्स की वसूली इत्यादि मुद्दो की भी चर्चा की गयी। बैठक में राज्य कर उपायुक्त अमित कुमार, राज्य कर उपायुक्त विवेक गुप्ता, राज्य कर सहायक आयुक्त दिव्य प्रकाश, राज्य कर सहायक आयुक्त सरिता कुमारी, राज्य कर सहायक आयुक्त मसूर अख्तर शामिल हुए। इसके अलावा एडवोकेट पप्पू, दीनानाथ सिंह, विनय और सीए पंकज तनेजा, यशवंत रौनक आदि उपस्थित थे।

## जयनगर में विधायक की कार और बाइक में टक्कर कुत्ते के बचाने में हुआ हादसा, तीन घायल




**प्रात : किरण संवाददाता**

मधुबनी जयनगर अनुमंडल क्षेत्र मे खजौली विधानसभा के विधायक अरुण कुमार प्रसाद की इनोवा गाड़ी का एक्सीडेंट हुआ है। यह दुर्घटना दरभंगा-जयनगर राजमार्ग पर दुल्लीपट्टी एसएसबी कैंप के पास हुआ है। जहा उनकी कार की टक्कर एक बाइक सवार से हो गई। बताया जा रहा है कि कुत्ते के बच्चे को बचाने के प्रयास में यह हादसा हो गया ।इस सड़क दुर्घटना में विधायक बाल-बाल बचे जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद विधायक ने तत्काल मानवीयता दिखाते हुए घायल बाइक चालक को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। वहीं इस हादसे में विधायक को पैर और माथे में मामूली चोटे भी आया है ।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। क्षेत्र में यह घटना चर्चा का विषय बन गया घायल बाइक सवार को किया गया रेफरअनुमंडल अस्पताल के प्रभारी डॉ. रोनित के अनुसार सभी घायल अब खतरे से बाहर हैं। एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया जाएगा। विधायक ने स्वयं घायलो के इलाज की जिम्मेदारी ली है।

## आगामी होने वाली सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**प्रात : किरण संवाददाता**



मधुबनी रहिका थाना परिसर में आगामी होने वाली सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति का बैठक आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी निरंजन कुमार व थाना अध्यक्ष रविन्द्र कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक मे प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित हुए और बैठक में कई बिंदुओ पर विचार विमर्श किया गया ।प्रखंड विकास पदाधिकारी रहिका निरंजन कुमार के कहा आपसी भाईचारा सौहार्दपूर्ण वातावरण माहौल में पूजा मनाया जाय किसी प्रकार का हुरदंग न मचाएं डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने कहा पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने में आप लोगो प्रशासन को सहयोग करे साथ ही पूजा में विधि व्यवस्था उत्पन्न करने वाले के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।साथ ही थानाध्यक्ष ने कहा शांति समिति के बैठक में आए प्रखंड एवं पंचायत से सभी जनप्रतिनिधि व अलग अलग गांवों के गणमान्य लोगो से अपील करते हुए कहा कि सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए एवं उन्होंने आगे कहा कि पूजा के दौरान पूजा समिति को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा एवं डीजे पर पूर्णत प्रतिबंध लगाया गया है। प्रशासन के द्वारा दी गई गाइडलाइन के अनुसार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण मनाने की अपील की। आगामी होने वाले पूजा के मौके पर पुलिस प्रशासन की तैनाती रहेगी वहीं पुजा पंडाल में सीसीटीवी लगाने का आदेश दिया गया है ।सभी पूजा पंडालों में दो चार बाल्टी में बालू भरकर हरेक पंडाल में रखा जाए जिस से आगजनी से बचा जा सके ।साथ ही उन्होंने यह भी कहा की पूजा समिति किसी प्रकार का बारबालाओ का नृत्य नही करवाएंगे। गाइडलाइन का पालन नही करने वाले कमिटी पर कारवाई की जाएगी ।वही उपद्रवी तत्वो पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। हुरदंग मचाने वालो पर सख्ती से कार्यवाही की जाएगी ।मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोगो ने भी प्रशासन कोअस्वासन देते हुए कहा कि पूजा शांतिपूर्ण वातावरण में हर साल की भाती इस साल भी शांति पूर्ण सौहार्द वातावरण से मनाया जाएगा ।प्रशासन को हम लोग सहयोग करेगे ।इस मौके पर उपस्थित जिला परिषद सदस्य 24प्रतिनिधि मधु राय जीप सदस्य 23 उमर अंसारी फर्नीचर मार्ट प्रो0 रियासत अली ऊर्फ कल्लू,नीतेश यादव,चंद्र किशोर मंडल,मनोज कुमार सिंह,पिंटू कुमार यादव,प्रभु जी झा, शियाराम कुशवाहा, अजित कुमार सिंह,भगीरथ पासवान विशाल यादव,भरत पंडित पूर्व मुखिया वसौली, रविशंकर कुमार सिंह, रामपुकार रंगीला,कुंदन सरपंच सतलखा,शंकर कुमार साथ अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस समारोह से पूर्व सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस दिखी लापरवाह, निर्देशों का नहीं हुआ पालन

### वारंट व अन्य आपराधिक मामलों में भी पिछले एक सप्ताह में आयी है गिरावट

**समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता**

गणतंत्र दिवस समारोह के लिए बिहार पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों के बावजूद जिले में सुरक्षा इंतजामों में पुलिस की लापरवाही देखने को मिली। पुलिस मुख्यालय ने 26 जनवरी को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिनमें असामाजिक तत्वों की निगरानी, सीमा पर चेक पोस्ट बनाकर जांच और प्रमुख स्थलों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया था। लेकिन, जिले में जमीनी स्तर पर इन निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है। वहीं असामाजिक तत्वों और वारंटियों की गिरफ्तारियों में पहले के मुकाबले और कमी ही आयी है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में पुलिस के द्वारा वारंट व अन्य मामलों में की जा रही गिरफ्तारियों में काफी कमी आयी है। 19 जनवरी को पुलिस ने लूट, डकैती, हत्या, आर्म्स, शराब व वारंट आदि के मामलों में 35 लोगों को गिरफ्तार किया था। वहीं 20 जनवरी को घट कर यह गिरफ्तारियां 26 हो गई, 21 जनवरी 15, 22 जनवरी को 15, 23 जनवरी को चार और 24 जनवरी को गिरफ्तारियों का आंकड़ा 11 रहा। पुलिस मुख्यालय के निर्देश के बावजूद जिले की सीमाओं पर चेक पोस्ट बनाकर वाहनों की जांच नहीं की गई। इससे बिना जांच के वाहन शहर में प्रवेश कर रहे हैं। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और प्रमुख बाजारों में पुलिस की तैनाती नहीं देखी गई। वहीं पुलिस कर्मियों को गणतंत्र दिवस सामारोह कार्यक्रमों में सादे लिबास में तैनात रहने का निर्देश दिया गया है। ताकि असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके। वहीं निर्देश के बावजूद शहर के होटल, धर्मशाला और सरायों की जांच नहीं की गई है और न ही वहां ठहरने वाले लोगों का सत्यापन किया जा रहा है। वहीं शहर में किरायेदार के रूप में आने वाले नए निवासियों का सत्यापन भी पुलिस नहीं कर रही है। वहीं समारोह स्थल के आसपास रहने वालों की सूची तैयार करने और उनका सत्यापन का कार्य भी नहीं हो सका है। सुरक्षा इंतजामों की कमी से जिलेवासियों में चिंता का माहौल है।

## स्वतंत्र, निषपक्ष मतदान के लिए पुलिस ने लिया संकल्प



**प्रात :किरण संवाददाता**

मसौढ़ी !बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 25 जनवरी को 15 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को लहसुना थाना परिसर में थानाध्यक्ष खुशबू खातून के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने भारत के लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए शपथ लिया ।इस दौरान पुलिसकर्मियों ने अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति,समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली ।मौके पर लहसुना थाना के कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## उत्पाद मामले में पांच वर्ष सश्रम कारावास व एक लाख रुपए जुमार्ना

**समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता**

अनन्य विशेष उत्पाद न्यायाधीश संजय कुमार द्वितीय ने शनिवार को उत्पाद वाद संख्या 298/18 के मामले में अभियुक्त को दोषी पाते हुए उसे धारा 30 (ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 के तहत पांच वर्ष सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। साथ ही जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने के पर दोषी को छह माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। अभियुक्त की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के पुरषोत्तमपुर के बालेश्वर महतो के पुत्र राजेश महतो के रूप में बतायी गई है। बताया गया कि पांच अक्टूबर 2018 की दोपहर अभियुक्त राजेश महतो के कब्जे वाले झोपड़ीनुमा बिक्री केंद्र से एक प्लास्टिक जरकीन में रखा हुआ 30 लीटर चुलाई शराब उत्पाद विभाग की टीम ने बरामद किया था। इसके बाद बरामद शराब के आधार पर मद्य निषेध अधिनियम के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता रविंद्र कुमार रजक एवं अभियोजन पक्ष की ओर से उत्पाद अधिवक्ता पंकज कुमार के द्वारा न्यायालय में पक्ष रखा गया था।

## 8 जनवरी 2025 को आयोजित होगा जिला स्तरीय एक दिवसीय नियोजन सह व्यायसायिक मार्गदर्शन मेला

**प्रात : किरण संवाददाता**

मधुबनी श्रम संसाधन विभाग बिहार सरकार के निदेर्शानुरूप जिला नियोजनालय मधुबनी के द्वारा स्थानीय टाऊन क्लब मैदान परिसर में दिनांक-28 जनवरी 2025 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से 04:00 बजे तक एक दिवसीय नियोजन सह व्यायसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन होगा। जिसमें सभी प्रकार के शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार प्रशिक्षण का अवसर उपलब्ध कराया जाएगा इस नियोजन मेला में स्थानीय नियोजन को के साथ-साथ जिले राज्य के बाहर के नियोजकों को भी रोजगार देने हेतु आमंत्रित किया जा रहा है जिसमें जिला उद्योग केंद्र मधुबनी आर से मधुबनी लीड बैंक मधुबनी जोमैटो डिलीवरी चैतन्य फाइनेंस लिमिटेड क्वेस्ट क्रॉप लिमिटेड, एलआईसी नेहा एंटरप्राइजेज फ्यूजन माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड शिव शक्ति, एग्री टॉक लिमिटेड एवं एसबीआई लाइफ सहित अन्य गणमान्य कंपनियां शामिल होने जा रही है जिला नियोजन पदाधिकारी मृणाल कुमार चौधरी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस नियोजन कैंप में शामिल होने के लिए इस नियोजन मेला में भाग लेने हेतु सभी अभ्यर्थी अपना अपना शैक्षणिक प्रमाण पत्र फोटो नियोजनालय का निबंध कार्ड एवं अन्य प्रमाण पत्र के साथ अपना बायोडाटा अवश्य लाएं । इस नियोजन मेला में प्रवेश निःशुल्क है विभाग केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में है नियोजन की शर्तो के लिए नियोजक स्वयं जिम्मेवार है।

## पंडौल बुनियाद केंद्र मधुबनी पर 15 दिव्यांग लाभुकों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल दिया गया

**प्रात : किरण संवाददाता**

मधुबनी जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा के निदेर्शानुसार यह वितरण सदर अनुमंडलीय बुनियाद केंद्र से किया गया ।सदर अनुमंडल के 25 लाभुकों को कॉल करके बुलाया गया जिसमे से 15 लाभुक ट्राइसाइकिल लेने आए। वितरण उप विकाश आयुक्त दीपेश कुमार एडिएसएस आशीष अमन एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी पंडौल के द्वारा हरी झंडी दिखा कर एवं चाभी देकर किया गया ।उप विकाश आयुक्त मधुबनी के द्वारा बैटरी चालित ट्राइसाइकिल का डेमो भी देखा गया जिसके उपरांत वितरण किया गया। साथ ही ठंड को देखते हुए लाभुकों के बीच उनके द्वारा कंबल भी वितरण किया गया ।वितरण के पहले लाभुको को ट्राइसाइकिल चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया जिसके पश्चात ट्राइसाइकिल वितरण किया गया। लाभुकों से बनाने हेतु अनुरोध किया गया।

## फक्कड़ महतो घाट पर निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे रामकृपाल यादव व कोल इंडिया के डायरेक्टर

**प्रात : किरण संवाददाता**

दानापुर। नगर के अंतर्गत नासरीगंज स्थित फक्कड़ महतो घाट का एक बार फिर कायाकल्प किया जाएगा ।इस बार घाट को वाराणसी व हरिद्वार घाट से बेहतर वर्ल्ड क्लास घाट बनाए जाने की प्लानिंग है। जिसको देखते हुए शनिवार को कोल इंडिया के डायरेक्टर विनय रंजन, पूर्व सांसद रामकृपाल यादव समेत अन्य अधिकारी ने घाट पर निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। पूर्व सांसद ने बताया कि दो करोड़ की राशि से फक्कड़ महतो घाट का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। विकास कार्य में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जिसको देखते हुए दानापुर एसडीएम को मानेट्री करने को कहा गया है। कहा कि कार्य शुरू कर दिया गया है और अप्रैल महीने के अंतिम तक कार्य पुरा कर लिया जाएगा। मौके पर एसडीएम दिव्या शक्ति,सहायक अभियंता गौतम कुमार, भाजपा नेता भाई सनोज यादव,बन्टी गुप्ता समेत अन्य थे।

## प्रोन्नत रेड बेल्ट वार्ड सिस्टर जारी पत्र से परेशान, खुशियां हुईं काफूर

**पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता**

निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं (नर्सिंग) के द्वारा जारी पत्र के आलोक में प्रोन्नत रेड बेल्ट वार्ड सिस्टर को कार्य आवंटन अधीक्षक के द्वारा कर दिया गया। हालांकि पूर्व के जारी पत्र के बाद 24 जनवरी को संशोधित पत्र पत्रांक 89 जारी किया गया। इससे भ्रम की स्थिति बन गई। इधर प्रभावित वार्ड सिस्टर अधीक्षक कार्यालय पहुंचीं और प्रदर्शन कीं। अधीक्षक ने उन सबों को कहा कि आप सभी को इंडेंट और स्टॉक दिया जाएगा। हालांकि यह बात मौखिक तौर पर कही गई है। बाद में अधीक्षक डॉप्रो अलका सिंह ने उन सबों से कहा कि वह तीन दिनों का समय दें, इस पर क्या किया जा सकता है, वह परामर्श करती हैं। प्रभावित वार्ड सिस्टर का कहना था कि संशोधित पत्र जो 24 जनवरी की तारीख में जारी किया गया है, उसके पहले पेज पर अधीक्षक और प्रभारी मातृका का हस्ताक्षर नहीं है, जबकि इस पत्र के पीछे पन्ने पर उन दोनों का हस्ताक्षर है। निश्चित तौर पर यह लिपिकों के द्वारा अधीक्षक को भ्रम में रख कर पत्र जारी कराया गया है। उन सबों का कहना है कि जिस-जिस वार्ड या विभाग में उन सबों को प्रभार लेने की बात कही गई है, वहां की प्रभारी भी प्रभार देने के मूड में नहीं हैं। उन सबों का कहना था कि यह पत्र सामूहिक तौर पर आप सबों के लिए जारी किया गया है। जब तक उन्हें व्यक्तिगत तौर पर पत्र जारी कर प्रभार सौंपने का आदेश नहीं आता है, वह प्रभार नहीं सौंपेंगी। इसे लेकर अपराह्न तक 18 प्रभावित वार्ड सिस्टर के बीच भ्रम की स्थिति बनी रही। उन सबों का मानना था कि जब उन सबों को रेड बेल्ट दिया गया था, तब खासी खुशी हुई थी। 16 नवंबर, 24 को अस्पताल के ऑडिटोरियम में समारोह का आयोजन कर प्रभारी मातृका सुशीला कुमारी ने उन सबों को बैज लगाया था। हालांकि उस दिन विधि-व्यवस्था की समस्या होने के कारण उस समारोह में अधीक्षक और उपाधीक्षक नहीं आ पाए थे। 24 जनवरी को पत्र पर हस्ताक्षर करने के बाद 25 जनवरी को प्रभारी मातृका छुट्टी पर चली गईं। इससे और भ्रम की स्थिति बन गई। इस संबंध में हालांकि प्रभावित वार्ड सिस्टर सहायक मातृका से बात की, मगर कोई बात नहीं बन पाई।

## पूर्व सांसद के स्वास्थ्य लाभ को चित्रगुप्त मंदिर में महामृत्युंजय जाप

**पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता**

ब्रेन स्ट्रोक के बाद दिल्ली के मैक्स अस्पताल में पूर्व सांसद आरके सिन्हा भर्ती व इलाजरत हैं। उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर में अखंड महा मृत्युंजय जाप यज्ञ किया जा रहा है। संगत पंगत के संयोजक अरबिन्द कुमार सिन्हा के अनुसार पूर्व सांसद आरके सिन्हा, जो मंदिर प्रबंधक समिति के अध्यक्ष के साथ संगत-पंगत के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक भी हैं एवं अनेक संगठनों से जुड़े हैं, की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उनके लिए देश भर मे प्रार्थनाएं और यज्ञ किए जा रहे हैं। श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर में जारी यज्ञ में मंदिर के सचिव सुदामा प्रसाद सिन्हा, मनोज कुमार मनोज, सुशील कुमार सिन्हा आदि शामिल हुए। समिति से जुड़े उपाध्यक्ष व पटना सिटी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, सीएमआर सक्सेना, अवधेश कुमार सिन्हा, प्रभात बहादुर माथुर, अनूप सिन्हा आदि पूर्व सांसद श्री सिन्हा के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें मतदाता : जिला पदाधिकारी

प्रात: किरण, संवाददाता



बेतिया (घनश्याम)। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वीप ऑडियो/वीडियो के प्रसारण से किया गया। इसके उपरांत मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग का संदेश का प्रसारण किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय ने उपस्थित माननीय जनप्रतिनिधिगणों, पदाधिकारियों एवं कर्मियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के विशेष अवसर पर स्वागत करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग का गठन हुआ था। वर्ष 2011 में प्रथम बार इस तिथि को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने का निर्णय लिया गया जो वर्ष 2011 से लगातार राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर यह कार्यक्रम मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रमुख थीम ह्लवोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हमह्ल, निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश भारत है। निर्वाचन में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। आप सभी का सकारात्मक सहयोग इस कार्य में मिला है। जिले की वोटिंग प्रतिशत में बढ़ोतरी भी हुई है। आपके सहयोग, अथक प्रयास से इसे और बढ़ाने के लिए कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि आगामी निर्वाचन में ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मतों का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा हरसंभव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, 2025 के क्रम में दिनांक-29.10.2024 को प्रारूप प्रकाशन किया गया था, जिसमें पुरूष 1432219, महिला 1266797 एवं तृतीय लिंग 106 सहित कुल मतदाताओं की संख्या-2699122 था। पुनरीक्षण अवधि में कुल 14715 पुरूष एवं 16157 महिलाओं सहित कुल-30872 अर्हता प्राप्त नागरिकों का नाम जोड़ा गया है। जबकि 4987 पुरूष एवं 3325 महिलाओं सहित कुल-8312 मतदाताओं का नाम विलोपित किया गया है। इस प्रकार कुल मतदाता 22560 शुद्ध वृद्धि के साथ पश्चिम चम्पारण जिला में कुल 2721682 मतदाता है। 27 जनवरी 2024 को प्रकाशित मतदाता सूची में लिंगानुपात 884 था जो इस वर्ष प्रकाशित मतदाता सूची में बढ़कर 887 हो गया है। वर्तमान में पश्चिम चम्पारण जिला का इपी रेसियो 0.60 है। जिला में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या पूर्व में 2705 था जो वर्तमान में मतदान केन्द्र के युक्तिकरण के बाद बढ़कर 2731 हो गया है। उन्होंने बताया कि पीडब्लूडी मतदाताओं एवं 85 वर्ष से ज्यादा आयु के मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने की सुविधा भी दी गयी है ताकि मतदाता घर पर रहकर ही अपना वोट दे सकें। वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने-हटाने, प्रविष्टियों को सुधारने व मतदान केन्द्र बदलने के लिए अब ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा है और वोटर हेल्पलाईन एप या वोटर पोर्टल के माध्यम से ही घर बैठे ही ये सुविधा प्राप्त की जा सकती है। डिजिटल वोटर आई कार्ड को भी अब ऑनलाइन डाउनलोड किया जा सकता है। जिला पदाधिकारी ने सभी जिलावासियों से अपील की कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस की महत्ता को समझते हुए आगामी लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं की सुविधा के मद्देनजर विभिन्न कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेगा 25 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल

छपरा कार्यालय। प्रारम्भिक शिक्षकों के अखिल भारतीय संगठन शिक्षक संघ के कोल्हापुर, महाराष्ट्र में 01 और 02 फरवरी को आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में बिहार से सुरेन्द्र सौरभ के नेतृत्व में 25 सदस्यीय डेलिगेशन भाग लेगा। इस आशय की जानकारी देते हुए बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के बिहार प्रदेश संयोजक सुरेन्द्र सौरभ सहायक संयोजक राकेश कुमार सिंह (सिवान) तथा संजय कुमार (खगड़िया) ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि सभी डेलीगेट 29 जनवरी को पटना से कोल्हापुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### ई टाइप कॉलोनी के जलनल प्लांट का मोटर जलने से आधी आबादी को जलापूर्ति ठप

बगहा। वाल्मीकिनगर स्थित जलसंसाधन विभाग के निचले शिविर ई टाइप कॉलोनी को जलनल से जलापूर्ति करने वाले प्लांट का एक मोटर जल गया है जिससे कॉलोनी के आधे आबादी को जल संकट से जूझना पड़ रहा है।बतादें की जलसंसाधन विभाग का ई टाइप कॉलोनी छोटी पहाड़ी पर बसा हुआ है जिससे यहां पेयजल की समस्या बनी रहती है। पूरी कॉलोनी के निवासी जलनल से मिलने वाली जलापूर्ति पर ही निर्भर है।जलनल के प्लांट के मोटर जलने के कारण ई टाइप कॉलोनी में निवास करने वाली आधे से ज्यादा आबादी फिलवक्त जल संकट से जूझ रही है।

### बिजली कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के विद्युत दर निर्धारण हेतु 8 फरवरी को छपरा में बिहार विद्युत विनियामक आयोग की जनसुनवाई

छपरा कार्यालय। बिजली कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के विद्युत दर (३१३१) निर्धारण हेतु बिहार विद्युत विनियामक आयोग द्वारा अलग अलग जिलों में जनसुनवाई की जा रही है। जनसुनवाई के माध्यम से आम नागरिकों एवं हितधारकों से उनका सुझाव/ आपत्ति / मंतव्य प्राप्त किया जायेगा। आयोग द्वारा सारण जिला मुख्यालय छपरा में 8 फरवरी को जनसुनवाई की जायेगी। यह जनसुनवाई समाहरणालय सभागार में 12:00 बजे दिन में होगी। आम नागरिक एवं हितधारक इस जनसुनवाई में शामिल होकर अपना सुझाव/ आपत्ति / मंतव्य से आयोग को अवगत करा सकते हैं।

# छपरा-पटना रेलमार्ग पर नई ट्रेन सेवा की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। छपरा-पटना रेलमार्ग पर यात्री सुविधाओं में सुधार की मांग को लेकर सारण राजद जिला प्रवक्ता डॉ. अमित रंजन ने राजद नेत्री रोहिणी आचार्य से मुलाकात कर रेल मंत्रालय को भेजे गए ज्ञापन की प्रतिलिपि को सौंपा। इस ज्ञापन में छपरा और पटना के बीच सुबह और शाम के समय एक नई जोड़ी ट्रेन सेवा शुरू करने की माँग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि छपरा और पटना के बीच सीमित ट्रेनों के संचालन और उनके असुविधाजनक समय के कारण छात्रों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और अन्य यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपे जाने के बाद सीए अमित ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह छात्रों और नौकरीपेशा लोगों की एक गंभीर समस्या है। सुबह और शाम के समय एक जोड़ी ट्रेन सेवा शुरू होने से इन वर्गों को काफी राहत मिलेगी। डॉ. रंजन ने कहा कि यह समस्या केवल यात्रा की असुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय विकास पर भी असर डाल रही है। बेहतर रेल सेवा से न केवल यात्री लाभान्वित होंगे, बल्कि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। हम रेल मंत्री से जल्द से जल्द इस मांग पर कार्रवाई की उम्मीद करते हैं। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री बिहार, सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी, छपरा के विधायक सीएन गुप्ता और पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक को भी भेजी गई है। अब देखना यह है कि इस मांग पर सरकार कब तक सकारात्मक कदम उठाती है।

# भाजयुमो ने किया संविधान पर युवा संवाद सह क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता



बेतिया। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत बेतिया के डॉ. अंबेडकर कल्याण छात्रावास में संविधान पर युवा संवाद सह क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल बिहार सरकार के अनुसूचित जाति-जनजाति विभाग के मंत्री सह जिला प्रभारी जनक चमार, सांसद डॉक्टर संजय जयसवाल, बिहार सरकार के पशुपालन व मत्स्य विभाग के मंत्री रेणु देवी,चनपटिया के विधायक उमाकांत सिंह व जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव जी ने संयुक्त रूप से बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि बिहार सरकार के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के मंत्री सह जिला प्रभारी जनक चमार जी ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के अमूल्य योगदान के कारण ही हमारा संविधान बना और आज तक इसका लोक कल्याण का स्वरूप बरकरार रहा है। कांग्रेस ने सदैव बाबा साहेब के योगदान को दबाकर रखा और उनको कभी भी उचित सम्मान नहीं दिया। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के अमूल्य योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ही भाजपा युवा मोर्चा ने संविधान गौरव अभियान शुरू किया है।

सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने बताया कि कांग्रेस ने केवल राजनीति के लिए बाबा साहेब के नाम का इस्तेमाल किया, कभी भी उनको आगे नहीं आने दिया। भाजपा ने बाबा साहेब को भारत रत्न से नवाजा और उनके निवास, अध्ययन स्थल और उनके जीवन से जुड़े स्थानों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया ताकि लोगों को प्रेरणा मिल सके। बिहार सरकार के पशुपालन व मत्यस्य विभाग के मंत्री रेणु देवी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में संविधान के साथ छेड़छाड़ कर तुष्टिकरण की राजनीति की है।शाहबानो केस में संविधान की मूल भावना को पलट दिया गया और आपातकाल के दौरान नागरिक अधिकारों का हनन किया गया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कई बार जनता द्वारा चुनी गई राज्य सरकारों को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाकर सत्ता का दुरुपयोग किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष अभिषेक यादव ने बताया कि संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत युवाओं से संवाद स्थापित किया गया है साथ ही संविधान पर ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया है,इस प्रतियोगिता में शामिल सभी युवाओं को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित भी किया गया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव,जिला उपाध्यक्ष रवि सिंह व विभय रंजन चौबे,जिला महामंत्री मनु बाबू कुशवाहा,युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष धनरंजन कुशवाहा,एस. सी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल राम,राजन पासवान,जिला महामंत्री किशन श्रीवास्तव,जिला मंत्री अनीश सिंह,मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता,कौशल पांडेय,रंजीत सर्राफ,अजित कुमार सहित सैकड़ों युवा उपस्थित रहे।

# मतदान एक अमूल्य अधिकार है इसका प्रयोग जरूर करें: आयुक्त

प्रात: किरण, संवाददाता




छपरा कार्यालय। 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में जिलास्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मतदान के महत्व पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए आयुक्त गोपाल मीणा ने कहा कि मतदान का अधिकार बहुत मुश्किलों से प्राप्त हुआ है। संविधान द्वारा सार्वभौमिक शक्ति मतदाता में निहित की गयी है। सरकार बनाने में मतदाताओं का निर्णय ही अंतिम होता है। इसलिए सभी मतदाताओं को जागरूक होकर निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी पूर्ण भागीदारी निभानी चाहिए। लोकतंत्र में अपना प्रतिनिधि चुनने की शक्ति का उपयोग प्रत्येक मतदाता द्वारा अपने विवेक से बिना किसी भय एवं बिना किसी प्रलोभन के करना चाहिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी अमन समीर ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को गर्व होना चाहिए कि हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। हम राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर संकल्प लेते हैं कि निष्पक्ष और स्वच्छ मतदान में सहयोगी बनेंगे। उन्होंने कहा कि सफल मतदान का आधार निर्वाचक सूची है। नए लोगों के नाम जोड़ने, सुधार या विलोपन के साथ लिंगानुपात बढ़ाने में जिला में बेहतर कार्य हुआ है। इसका श्रेय हर स्तर के पदाधिकारी और कर्मी को जाता है। आने वाले दिनों में हम आपसी सहयोग को बढ़ाते हुए और भी बेहतर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि विगत दो वर्षों में मतदाता सूची का के लिंगानुपात को 900 से बढ़ाकर अभी 918 तक लाया गया है, मार्च तक इसे 950 तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने युवा मतदाताओं को भी अपना नाम अनिवार्य रूप से निर्वाचक सूची में शामिल कराने का अनुरोध किया।डीएम ने कहा कि जिला के लिए आज का दिन विशेष रूप से गौरवपूर्ण इसलिए भी है कि मतदाता सूची अद्यतिकरण एवं अन्य कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए जलालपुर के बूथ नंबर 182 राजकीयकृत मध्य विद्यालय कुमना के बीएलओ शिक्षक मनीष कुमार सिंह को आयोग द्वारा राज्य स्तर पर पटना में सम्मानित किया जा रहा है। प्रदान किया गया बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज अवाडः जिला स्तर पर बेहतर कार्य करने के लिए बनियापुर विधान सभा क्षेत्र के ईआरओ -सह- डीडीसी श्री यतेंद्र कुमार पाल, गरखा के ईआरओ सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी श्री सुमन कुमार, सोनपुर के ईआरओ -सह- एसडीएम सोनपुर श्री आशीष कुमार, मशरख एईआरओ -सह- बीडीओ श्री पंकज कुमार, लहलादपुर एईआरओ -सह- बीडीओ श्री नीलेश कुमार और दिघवारा एईआरओ -सह- बीडीओ श्री अमर नाथ को बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज अवार्ड प्रदान किया गया। साथ ही सभी दस विधानसभा के दस-दस बीएलओ, डाटा इंट्री ऑपरेट विकास कुमार, प्रसन्नजीत कुमार सिंह व अली आलम को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जिला स्वीप आइकन राष्ट्रीय पैरा एथलीट श्री अमित कुमार सिंह, नेहरू युवा केंद्र, भारत स्काउट एंड गाईड और राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, उद्घोषक नदीम अहमद और संजय भारद्वाज को बेहतर सहयोग के लिए मुख्य मंच पर सम्मानित किया गया। नव पंजीकृत मतदाताओं को मिला वोटर आई कार्डः समारोह में कुल आठ नव पंजीकृत मतदाताओं को निर्वाचन आयोग से बनकर आए वोटर आई कार्ड प्रदान किये गये। जिसमें प्रतीक उज्जैन, संस्कृति उज्जैन, आस्था सिंह, खुशबु परवीन, आदित्य सिंह, सौम्या श्रीवास्तव, प्रीति गुप्त और निखिल गुप्ता शामिल हैं। मौके पर जहां विगत लोक सभा चुनाव में पहली बार मतदान करने वाली वोटर समृद्धि कुमारी ने अपने अनुभव और अनुभूति को साझा किया वहीं वयोवृद्ध मतदाता राजेंद्र कालेज के पूर्व प्राचार्य प्रो अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि 1957 से वे लगातार मतदान कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से मतदान की शक्ति पहचानने और वोटिंग करने की अपील की।

# गणतंत्र दिवस के मद्देनजर इंडो नेपाल सीमाई क्षेत्रों में एसएसबी और बिहार पुलिस की जॉइंट पेट्रोलिंग



प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा (नसीम खान)। इंडो नेपाल सीमाई क्षेत्रो में पुलिस प्रशासन और एसएसबी के जवानों ने जॉइंट पेट्रोलिंग किया । बतादें यह साझा गश्ती 26 जनवरी को मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस के मद्देनजर किया जा रहा है। वाल्मीकिनगर के जीरो आरडी से 3 आरडी पूल चौक,टंकी बाजार,विजयपुर,गोलचौक आदि जगहों से होते हुए इंडो नेपाल बॉर्डर तक साझा गश्ती किया गया। थानाध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस के साथ साथ वाल्मीकिनगर स्थित त्रिवेणी संगम तट पर लगने वाले माघ मेले की भी विशेष तैयारियां की गई है। चिन्हित जगहों पर पुलिस प्रशासन की चाकचौबंद व्यवस्था की जा रही है। इंडो नेपाल सीमा गंडक बराज पर एसएसबी ने जांच सघन किया इंडो नेपाल सीमा गंडक बराज के एक नम्बर फाटक स्थित चेकपोस्ट पर एसएसबी ने नेपाल से भारत आने वाले हर व्यक्ति व वाहनों की जांच सघन रूप से कर रही है इस जांच में डॉग स्क्वायड की भी मदद ली जा रही है। बतादें की बगहा पुलिस जिला का वाल्मीकिनगर क्षेत्र इंडो नेपाल सीमा पर अवस्थित है। इसका बड़ा इलाका नेपाल सीमा क्षेत्र से लगता है।वहीं इसके नेपाल से लगने वाली चुलभट्टा क्षेत्र संवेदनशील मानी जाती है।

# आरएस एस के प्रारंभिक वर्ग का समापन: तीन दिवसीय वर्ग में 63 स्वयंसेवक सम्मिलित हुए

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। हीरा सदन परिसर करिंगा में चल रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ- सारण जिला के 3 दिवसीय प्रारंभिक वर्ग का समापन शनिवार सुबह 10:00 बजे हुआ. समापन सत्र के बौद्धिक कर्ता विश्वास गौतम ने कहा कि शिविर में स्वयंसेवकों को दंड, नियुद्ध, पदविन्यास, सूर्यनमस्कार,योग-व्यायाम, आसन, समता समेत अन्य शारीरिक और बौद्धिक प्रशिक्षण दिया गया। इसमें स्वयंसेवकों को देश के मौजूदा हालातों, संघ की ओर से राष्ट्रहित व समाज सेवा में किए जा रहे कार्यों, संघ के उद्देश्यों और इतिहास के बारे में जानकारी दी गई.स्वयंसेवकों को राष्ट्र व समाज हित के लिए सर्वस्व न्योछावर करने के लिए प्रेरित किया गया. भारत माता के स्वाभिमान और गौरव को विश्व में शिखर पर लाकर भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया. उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीयचरित्र का अभाव ही बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, जातिवाद गरीबी जैसी गंभीर समस्याओं का मूल कारण है. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्रीयता का भाव समाज में जागरूक करने को व्यक्ति निर्माण के अभियान में जुटा है तथा भारत को परम वैभव सम्पन्न बनाना, भारत को विश्व गुरू बनाना, समय की आवश्यकता है. लेकिन उसके लिए भारत में सर्वत्र लोगों को भारत बनकर एक होना पड़ेगा. साथ ही संघ के शताब्दी वर्ष पर कहा कि फ्र्र के संस्थापक परम पूज्य डॉ केशव बलिराम हेडगेवार जी ने 15 वर्षों में देश के सभी राज्यों में संघ कार्य पहुंचा दिए तो हम सभी आत्मीय स्वयंसेवक बंधुओं को संकल्पित होना चाहिए कि संघ कार्य को शताब्दी वर्ष में प्रत्येक पंचायत में लेकर जाएंगे. अपने उद्बोधन को विराम देते हुऐ कहा कि मैं दावे के साथ कह सकते हैं कि संघ का 3 दिन का प्रशिक्षण जीवन बदल देता है. परम पवित्र भगवा ध्वज के नीचे प्रार्थना कर वर्ग का समापन किया गया. इस मौके पर सारण जिला कार्यवाह संजीव कुमार, जिला सह कार्यवाह प्रहलाद चौरसिया, जिला प्रचारक महेश जी, विभाग सेवा प्रमुख अवध किशोर चौधरी, जिला सेवा प्रमुख सत्यप्रकाश कुमार, जिला शारीरिक प्रमुख संतोष जी, वर्ग अधिकारी श्रीमान शचीन्द्र जी, जलालपुर खंड कार्यवाह अमरेंद्र सिंह, सह खंड कार्यवाह पंकज जी , भीम कुमार आदि गणमान्य उपस्थित रहें।

# वीटीआर परिक्षेत्र में जनवरों के काटने से प्रतिदिन आधे दर्जन लोग हो रहे हैं घायल



प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर परिक्षेत्र में लगभग आधे दर्जन लोग जानवरों के काटने से घायल होकर इलाज के लिए वाल्मीकिनगर स्थित पीएससी पहुंच रहे है। वाल्मीकिनगर सरकारी अस्पताल के आंकड़े बतातें हैं कि पिछले दो दिनों में लगभग डेढ़ दर्जन लोग जानवरों के काटने का इलाज कराने आए हैं। डॉ सरिता कुमारी ने बताया कि कुत्ते,बंदर,बिल्ली समेत कभी कभी लिपर्ट के हमले से घायल लोग भी आते हैं।डॉ सरिता कुमारी ने आगे बताया कि गत दो दिनों में करीब डेढ़ दर्जन जानवरों के काटने का इलाज किया गया है और जानवरों के बाइट का वैक्सीन प्रयाप्त मात्रा में उपलब्ध है। बतादें की वाल्मीकिनगर वीटीआर के जंगलों से घिरा हुआ क्षेत्र है।पालतू समेत जंगली जानवरों का प्रचुरता में तदाद देखी जाती है।बतातें चलें कि एक जनवरी शुक्रवार को 17 वर्षिय एनपीसीसी निवासी राजकुमार,हवाई अड्डा सुजीत कुमार,टंकी बाजार निवासी नीतू कुमारी,20 वर्षिय रितु कुमारी,टंकी बाजार निवासी पवन कुमार,भेरियारी निवासी रामवृक्ष तो वहीं शनिवार 25 जनवरी को कोतराहां निवासी 20 वर्षिय ऋतु कुमारी,करमहवा टोला भेरियारी निवासी 11 वर्षीय प्रीति कुमारी, 20 वर्षीय कोमल कुमारी आदि जानवरो के काटने से घायल मरीजो का इलाज किया गया,यहां खबर में कुछ लोगों की ही जानकारी दी गई है बाकी अस्पताल के रजिस्टर में आंकड़े उपलब्ध हैं।

# सामुदायिक रेडियो के माध्यम से टीबी के खिलाफ जनजागरूकता अभियान को मिलेगा बढ़ावा

प्रात: किरण, संवाददाता



बेतिया।बिहार स्वास्थ्य विभाग ने टीबी उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के साथ साझेदारी की है। शनिवार को राज्य टीबी कार्यक्रम पदाधिकारी , डॉ. बी.के. मिश्रा ने सात जिलों के नौ सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया और टीबी जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि टीबी उपचार और रोकथाम योग्य है और इसके लिए जल्दी पहचान और समय पर उपचार आवश्यक है। टीबी के प्रति जागरूकता और भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास डॉ. मिश्रा ने टीबी से संबंधित गलत धारणाओं को दूर करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कई लोग जानते हैं कि टीबी हवा और ड्रॉपलेट्स से फैलता है, लेकिन यह समझने में असफल रहते हैं कि यह पूरी तरह से इलाज योग्य है। उन्होंने कहा कि लोगों को यह विश्वास दिलाना जरूरी है कि टीबी से पूरी तरह से ठीक हुआ जा सकता है। जल्दी परीक्षण और इलाज के माध्यम से इस बीमारी के प्रसार को रोका जा सकता है। उन्होंने सामुदायिक रेडियो से अपील की कि वे टीबी के उपचार और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने बताया कि टीबी की हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) में निःशुल्क परीक्षण और उपचार उपलब्ध है। इसके अलावा, उन्नत डायग्नोस्टिक उपकरण जैसे सीबी-नैट और टूनैट मशीनों को ब्लॉक स्तर पर उपलब्ध कराया गया है ताकि रोगियों को समय पर और सटीक निदान मिल सके। पोषण और जीवनशैली कारकों पर रखें ध्यान डॉ. मिश्रा ने कहा कि धूम्रपान, तंबाकू और कुपोषण जैसे कारक टीबी के खतरे को बढ़ाते हैं। उन्होंने बच्चों के पोषण में सुधार करने और कुपोषण को कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। पोषण का सही स्तर सुनिश्चित करना टीबी को समाप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने रेडियो स्टेशनों से आग्रह किया कि वे स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने और सही खानपान के प्रति लोगों को जागरूक करें। निक्षय पोर्टल से टीबी मरीजों को मिल रही पोषण सहायता राशिः डॉ. मिश्रा ने निक्षय पोर्टल और टीबी आरोग्य साथी ऐप का उपयोग करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि टीबी आरोग्य साथी ऐप टीबी उपचार की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाता है। उन्होंने यह भी कहा कि निक्षय पोर्टल के माध्यम से टीबी रोगियों को हर महीने 1,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है, जिससे उनकी पोषण संबंधी आवश्यकताएं पूरी हो सकें। उन्होंने रेडियो स्टेशनों से अपील की कि वे इन डिजिटल साधनों का प्रचार करें और टीबी से संबंधित सामाजिक अंधविश्वास को खत्म करने के लिए सकारात्मक कहानियों को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि कहानियां समाज में सकारात्मक संदेश फैलाने में मददगार होंगी। सामुदायिक रेडियो के साथ मिलकर काम करने की जरूरतः डॉ. मिश्रा ने जिला स्तर के अधिकारियों से सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के साथ मिलकर काम करने और उन्हें समुदाय में जागरूकता फैलाने की गतिविधियों में शामिल करने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन रेडियो स्टेशनों को टीबी से संबंधित महत्वपूर्ण संदेशों को संबंधित समुदायों तक निरंतर पहुंचाने के लिए एक प्रभावी मंच के रूप में उपयोग किया जाना चाहिए।

# भाजपा की संयुक्त जिला बैठक संपन्न

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की संयुक्त बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह एवं पश्चिमी जिला अध्यक्ष बृजमोहन सिंह की अध्यक्षता में भाजपा मुख्य कार्यालय में संपन्न हुई बैठक में मुख्य रूप से अधूरे बूथ कमेटी को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी अब चुनावी समर में है जितना जल्द हो सके मंडल अध्यक्ष अपने बुथ अध्यक्षों के साथ मंडल अध्यक्ष कमेटी को जल्द से जल्द बनाने का कार्य करें एवं आगामी दिनों में पार्टी के विभिन्न कार्यक्रम आ रहे हैं जी ने 100 समय पूरा करना है । तरैया विधायक भाजपा के मुख्य सचेतक जनक सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकताओं से कहा कि आप सभी कार्यकताओं के बदौलत ही आज पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है बुथ को सशक्त एवं धारदार बनाने कर सकता है कि चुनाव में मुख्य बिंदु बूथ अध्यक्ष एवं उसकी कमेटी ही होती है । पूर्व विधायक एवं अनुशासन समिति के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने कहा कि बूथ अध्यक्ष भी मंडल जिला एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्तर का है

उसमें भी वह सारी शक्तियां निहित है जो उन अध्यक्षों में है होती उन्होंने कहा कि बुद्ध अध्यक्ष पार्टी की सबसे मजबूत इकाई है । जिला प्रभारी अनुप श्रीवास्तव मंडल अध्यक्षों एवं बुथ अध्यक्षों से कार्य में और तेजी लाने एवं कार्य क्षमता बढ़ाने का आग्रह है किया मंच का संचालन भाजपा महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने एवं धनबाद ज्ञापन शत्रुघन भक्त ने किया बैठक को संबोधित करने वालों में कुल पूर्व अध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय ,पूर्व अध्यक्ष बंशीधर तिवारी ,हेम सिंह,उपाध्यक्ष मनोज कुशवाहा ,रमाशंकर मिश्र ,चैतेंद्रनाथ सिंह,अनु सिंह ,महामंत्री धर्मेंद्र कुमार साह ,मंत्री सत्यानंद सिंह, अर्जुन सिंह, मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र चौहान, मीडिया प्रभारी बलवंत सिंह, संजय सिंह, पूजा शर्मा, मीरा देवी, सुषमा सोनी, सुशील कुमार सिंह, राजेश फैशन, आदि थे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया



प्रात: किरण, संवाददाता

जलालपुर । बीडीओ विनोद कुमार प्रसाद और सीओ अविनाश कुमार की उपस्थिति में मतदाता दिवस मनाया गया जिसमें ब्लॉक के कर्मी और आम जनता भी वहां मौजूद रहे बीडीओ विनोद कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 को हम लोगों ने मिलकर मनाया ताकि लोगों में जागरूकता लाया जा सके। निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी सारण के वीडियो कांफ्रेंस में जलालपुर अंचल के तमाम पदाधिकारी भी मौजूद रहे। बी डी ओ विनोद कुमार प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय मतदान दिवस हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आज के दिन हम लोग ने अपने ब्लॉक के प्रांगण में मनाया गया।

# भोजपुरी क्लासिक गायन के लिए पुरस्कृत हुईं माधोपुर गांव की प्रीति- कृति




प्रात: किरण, संवाददाता

रसूलपुर।भोजपुरी के पारम्परिक क्लासिक लोकगायन में चर्चित प्रीति -कृति बहनों को बालिका दिवस पर पुरस्कृत किया गया।भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में बालिका दिवस पर आयोजित समारोह में प्रीति कृति को डीएसपी यातायात सारण बसंती टुड्डू ,आईसीडीएस पदाधिकारी कुमारी अनुपमा ,जिला कला- संस्कृति पदाधिकारी डॉ विभा भारती,नेहरू युवा केन्द्र की जिला युवा अधिकारी रश्मि शबनम गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप मोमेंटो व प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिया गया।सारण जिले के रसूलपुर थाने की चनचौरा पंचायत के उत्क्रमित हाईस्कूल चनचौरा माधोपुर की छात्रा प्रीति-कृति कोरस में भोजपुरी के क्लासिक पारम्परिक गायन करती हैं।प्रधानाचार्य अर्जुन सिंह ने बताया कि पुरस्कृत होने पर पुरा विद्यालय परिवार खुश है। स्कूल की सांस्कृतिक गतिविधियों से लेकर चेतना सत्र में प्रीति कृति की प्रस्तुति नियमित रूप से होती है जिससे छात्र -छात्रायें भी सिख लेते हैं।गायिका बहनें प्रीति कृति कला संरक्षित परिवार से आती हैं जहां उनकी परदादी पिआरो कुंवर ,दादा हरेश्वर गोप ,पिता रामेश्वर गोप लोकगायन के क्षेत्र सेवा करते आ रहे हैं।पुरस्कृत होने पर गांव माधोपुर में हर्ष है और लोग बधाई दे रहे हैं।

# परेश रावल की फिल्म द स्टोरीटेलर का ट्रेलर रिलीज

प्रात: किरण,/ एजेसी




मुंबई, । बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता परेश रावल की फिल्म द स्टोईरीटेलर का ट्रेलर रिलीज हो गया है।

फिल्म द स्टोरी टेलर, महान फिल्मकार सत्यजीत रे की प्रतिष्ठित लघु कथा गोल्पो बोलो तारिणी खुरो से प्रेरित है।

इस फिल्म का निर्देशन अनंत नारायण महादेवन ने किया है। इस फिल्म में परेश रावल, आदिल हुसैन, रेवती और तनिष्ठा चटर्जी सहित कई बेहतरीन कलाकारों ने अभिनय किया है।

द स्टोरीटेलर का ट्रेलर रिलीज हो गया है।

अनंत महादेवन ने कहा,मेरे लिये द स्टोरीटेलर पर काम करना वाकई खुद के लिए काम करने जैसा अनुभव था। सत्यजीत रे की कहानी की खूबसूरती इसके कालातीत सार-तत्व में है और इतने शानदार कलाकारों के साथ इसे परदे पर उतारना किसी चमत्कार से कम नहीं था। असली चुनौती थी रे के मिलनसार मन को समझना और फिल्म की उसी तरह कल्पना करने की कोशिश करना जैसा वे खुद करते।

डिज्नी+ हॉटस्टार का इतने बड़े प्लैटफॉर्म के साथ अपने दर्शकों से करीबी जुड़ाव है और मैंने इस करीबी अहसास को फिल्म बनाने की पूरी प्रक्रिया में महसूस किया। मैं बेहद उत्सा हित हूं कि लोग इस फिल्म् को देखें और मेरे लिए इस फिल्मक को खास बनाने वाली भावनाओं का अहसास करें।

मुझे उम्मीलद है कि यह फिल्मम सभी को पसंद आएगी।

परेश रावल ने कहा कि, तारिणी खुरो का किरदार निभाना ज्ञान, हाजिरजवाबी और आश्चर्य की दुनिया में कदम रखने जैसा था।

यह सिर्फ.एक कहानी नहीं है, यह जज्बात का एक सफर है जो खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक आपके जेहन में रहता है।

मुझे बेहद खुशी है कि द स्टोरीटेलर अब डिज्नी+ हॉटस्टार के जरिए घर-घर तक पहुंचेगी, और मैं इस फि ल्म के जादू, हास्य और कहानी को हर किसी तक पहुँचने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूँ। यह मेरी आत्मा का एक हिस्सा है जिसे मैं दर्शकों के साथ साझा कर रहा हूं।

आदिल हुसैन ने कहा कि, द स्टोरीटेलर एक फिल्म से बढ़कर है। यह हमारी जिन्दगी को आकार देने वाली कहानियों और हमें इंसान बनाने बनाने वाले रिश्तों का एक दिल को छू जाने वाला सेलिब्रेशन है।

इस खूबसूरत सफर का हिस्सा होना सम्मान की बात है और यह जानकार मुझे बेहद खुशी हो रही है कि अब यह फिल्म डिज्नी+ हॉटस्टार के माध्यम से लोगों तक पहुँचेगी। मुझे उम्मीद है कि यह हर किसी की जिंदगी में गर्मजोशी, हँसी और मायने लेकर आएगी, ठीक वैसी ही जैसे हमने इसे बनाने के दौरान महसूस किया था।

रेवती ने कहा कि, यह उन दुर्लभ फिल्मों में से एक है जो सीधे दिल में उतरती है।

द स्टोरीटेलर हमें कहानियों की किसी भी दुख से उबारने की ताकत, इंसानी रिश्तों की खूबसूरती और उनमें बसे सदाबहार ज्ञान की याद दिलाती है।

यह जानकर बहुत भावुक महसूस कर रही हूं कि यह अविश्वसनीय कहानी अब डिज्नी+ हॉटस्टार पर दर्शकों के देखने के लिए उपलब्ध होगी।

मुझे उम्मीद है कि यह आपके दिलों को छूएगी, आपको प्रेरित करेगी और आपके मन में बसी रहेगी, ठीक वैसे ही जैसे यह मेरे मन में बसी है।

फिल्म द स्टोरी टेलर को जियो स्टूडियोज, पर्पज एंटरटेनमेंट और क्वेलस्ट फिल्म्स की प्रोडक्शन कंपनी के तहत ज्योति देशपांडे, सलिल चतुर्वेदी, सौभाग्य चटर्जी, शुभा शेट्टी के कुशल निर्माण में बनाया गया है।

यह फिल्म 28 जनवरी को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

# जुनैद और खुशी के साथ काम करना खूबसूरत अनुभव : फराह खान

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई, । बॉलीवुड की जानीमानी कोरियोग्राफर-फिल्मकार फराह खान ने कहा है कि जुनैद खान और खुशी कपूर के साथ काम करना उनके लिये खूबसूरत अनुभव रहा है। फराह खान ने कहा कि आज के नए सितारों के साथ काम करना उनके लिए एक इमोशनल अनुभव है, क्योंकि ये उन बड़े सितारों के बच्चे हैं, जिनके साथ उन्होंने अपने करियर की शुरूआत में काम किया था। उन्होंने बताया कि जब वह इन स्टार किड्स को परफॉर्म करते हुए देखती हैं, तो उन्हें उनके पेरेंट्स के साथ बिताए गए दिन याद आ जाते हैं। फराह खान ने आमिर खान के बेटे जुनैद खान और दिवंगत श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर को फिल्म लवयापा में कोरियोग्राफ करने के अनुभव पर बात करते हुए कहा, यह मेरे लिए एक अद्भुत अनुभव था क्योंकि मुझे याद है, जब मैंने आमिर के साथ जो जीता वही सिकंदर में काम किया था, उसी दौरान जुनैद का जन्म हुआ था। हम सभी मंसूर और बाकी दोस्तों के साथ उनके घर उन्हें बधाई देने गए थे। श्रीदेवी के साथ भी मेरा खास रिश्ता था। मैं श्रीदेवी, बोनी और पूरे कपूर परिवार के काफी करीब थी। मेरे लिए उनके बच्चों के साथ काम करना बेहद खास और खूबसूरत अनुभव था। फराह ने कहा, यह अजीब सा लगता है कि मैं इतने लंबे समय से इंडस्ट्री में हूं। मुझे ऐसा महसूस नहीं होता, लेकिन जब मैं इन लोगों के साथ शूट करती हूं, तो एहसास होता है कि, ओह माय गॉड, मैंने अपने करियर की शुरूआत आमिर के साथ की थी और अब मैं उनके बेटे को कोरियोग्राफ कर रही हूं। फैंटम स्टूडियोज और एजीएस एंटरटेनमेंट निर्मित प्रोड्यूस और अद्वैत चंदन निर्देशित फिल्म लवयापा 07 फरवरी को रिलीज होगी।


# जयपुर में होगा 25वां आईफा अवॉर्ड्स, शाहरुख खान और कार्तिक आर्यन करेंगे होस्ट

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई, । राजस्थान की राजधानी जयपुर में अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) का 25 वां संस्करण आयोजित किया जायेगा। आइफा अवॉड्र्स का सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन जयपुर में 08-09 मार्च को आयोजित होगा। इस आयोजन की शुरूआत आठ मार्च को सोभा रियल्टी आइफा डिजिटल अवाड्र्स के साथ होगी। आइफा का ग्रैंड फिनाले नौ मार्च को होगा, जिसमें सिनेमा के सितारों को सम्मानित किया जाएगा और वैश्विक मंच पर भारतीय सिनेमा के प्रभाव का जश्न मनाया जाएगा। शाहरुख खान और कार्तिक आर्यन आइफा अवॉड्र्स को होस्ट करेंगे। शाहरुख खान ने कहा, आइफा मेरी सबसे खूबसूरत यादों का हिस्सा है। लंदन में हुए पहले आयोजन से लेकर आज तक, यह भारतीय सिनेमा की वैश्विक पहचान को बढ़ावा देने वाला एक विशेष मंच है। आइफा केवल एक अवॉर्ड शो नहीं है, बल्कि यह हमारी कला, संस्कृति और कहानियों को दुनियाभर में ले जाने की विरासत है। जयपुर, राजस्थान की समृद्ध परंपरा और रंगीन संस्कृति के बीच, यह आयोजन बेहद खास होगा। मैं इस जादुई सफर में अपने प्रशंसकों और दोस्तों के साथ नई यादें बनाने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। कार्तिक आर्यन ने कहा कि मैं जयपुर, राजस्थान के जीवंत हृदय में भारतीय सिनेमा की वैश्विक सफलता का जश्न मनाने के लिए रोमांचित हूं, क्योंकि मुझे इस मार्च में आइफा की ऐतिहासिक 25वीं वर्षगांठ समारोह की मेजबानी करने का सम्मान मिला है। जिसका मुझे बेसब्री से इंतजार था और यह 2025 की शुरूआत करने का सबसे सही तरीका है। गौरतलब है कि पिछले साल आइफा अवॉड्र्स अबू धाबी में आयोजित हुआ था,जहां शाहरुख खान ने करण जौहर के साथ मेजबानी की थी। इस साल जयपुर का यह आयोजन भारतीय सिनेमा के 25 साल के इस यादगार सफर को और भव्यता प्रदान करेगा।

# गणतंत्र दिवस पर रिलीज होगा फिल्म थलपति 69 का पहला लुक




प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार थलपति विजय की फिल्म थलपति 69 का पहला लुक रिलीज होगा। केभीएन प्रोडक्शंस ने थलपति 69 के बारे में एक बड़ा अपडेट दिया है, जो थलपति विजय की आखिरी फि ल्म है। व्यापक रूप से 2025 की सबसे प्रतीक्षित फि ल्म मानी जाने वाली इस फि ल्म का पहला लुक रविवार, 26 जनवरी को जारी किया जाएगा। बढ़ती उत्सुकता को और बढ़ाते हुए, निमार्ताओं ने थलपति विजय के असाधारण करियर को उनकी पहली फि ल्म से लेकर उनकी 68वीं फि ल्म तक के जश्न में डूबा देने वाला एक विशेष वीडियो मोंटाज जारी किया है। इस श्रद्धांजलि ने दर्शकों को उनकी 68 प्रतिष्ठित फि ल्मों की याद दिला दी है, जो भारतीय फि ल्म परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने वाले व्यक्ति के लिए एक उपयुक्त श्रद्धांजलि है। यह असेंबल थलपति 69 के इर्द-गिर्द चर्चा को और तेज कर देता है, जो कि थलपति विजय के शानदार करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि बनती जा रही है। अपने सोशल मीडिया पर उनकी खबर साझा करते हुए केभीएन ने लिखा,हम एक अपडेट लेकर आए हैं 69% पूरा हो गया। फिल्म थलपति 69 के निर्देशक एच. विनोथ हैं, जो अपनी मनोरंजक कहानियों से दर्शकों को बांधे रखने की अपनी क्षमता के लिए प्रसिद्ध हैं। रॉकस्टार अनिरुद्ध इस फिल्म का संगीत तैयार कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण केभीएन प्रोडक्शंस के वेंकट के. नारायण ने किया है। सह-निमार्ता जगदीश पलानीसामी और लोहित एन. के हैं।

# बिग बॉस 18 के बाद साथ दिखे करण-चुम दरांग, फैंस की खुशी का नहीं रहा ठिकाना



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । बिग बॉस 18 में करण वीर मेहरा और चुम दरांग बतौर कंटेस्टेंट शामिल हुए थे। इस शो के विनर करण वीर मेहरा बने और चुम दरांग ने टॉप 5 में अपने लिए जगह बनाई थी। शो के दौरान इनके बीच एक अलग तरह की केमिस्ट्री देखी गई। करण वीर मेहरा ने चुम दरांग के लिए अपनी फीलिंग्स को भी जाहिर किया था लेकिन तब चुम दरांग ने कहा था कि शो से बाहर जाने के बाद ही इस सब्जेक्ट पर बात करेंगे। ऐसे में करण और चुम दरांग के फैंस काफी निराश हुए। हाल ही में इस जोड़ी को साथ देखा गया, यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। फैंस के भी खूब रिएक्शन आ रहे हैं। जानिए, क्या रहा अपनी पसंदीदा जोड़ी को देखकर फैंस का सोशल मीडिया पर रिएक्शन? चुम दरांग का प्यार से करण को देखना जब करण वीर मेहरा और चुम दरांग को साथ देखा गया तो पैपराजी भी इस जोड़ी की तस्वीरें, वीडियोज ले रहे थे, ऐसे में फैंस ने गौर किया कि चुम दरांग बहुत ही प्यार से करण वीर मेहरा को देख रही हैं। एक सोशल मीडिया यूजर लिखता है- ह्यजिस तरह से चुम, करण को देख रही है, उस तरह से पहले कभी नहीं देखा है ।ह्न आगे ये सोशल मीडिया यूजर, इमोशनल वाला और हार्ट का इमोजी बनाता है। जोड़ी को सबसे बेस्ट बताया सोशल मीडिया पर एक और यूजर लिखती है- ह्ययह मेरे लिए सबसे बड़ा गिफ्ट है, करण और चुम दरांग को साथ देखकर मैं कितनी खुश हूं, बता नहीं सकती हूं ।ह्न ऐसे ही कई और कमेंट्स भी करण वीर मेहरा और चुम दरांग की जोड़ी को लेकर उनके फैंस ने किए हैं। इस जोड़ी को फैंस ने सबसे बेस्ट जोड़ी बताया। विवियन पर भी तंज कसा कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने करण और चुम दरांग पर खूब प्यार बरसाया तो वहीं कुछ लोगों ने विवियन डिसेना पर भी तंज कसा। विवियन डिसेना भी बिग बॉस 18 में बतौर प्रतियोगी नजर आए थे, वह शो के रनअप रहे। हाल ही में विवियन डिसेना ने एक पार्टी दी जिसमें करण वीर मेहरा और चुम दरांग को नहीं बुलाया था। विवियन की पार्टी को करण के फैंस ने सोशल मीडिया पर एक पीआर स्टंट बताया।




# किस-किस को प्यार करूं 2 शूटिंग शुरू, फिर से हंसाएंगे कपिल शर्मा

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई, । अपनी कॉमेडी से दर्शकों को हंसाने वाले कॉमेडियन-अभिनेता कपिल शर्मा बहुप्रतीक्षित सीक्वल किस किसको प्यार करूं 2 के साथ वापसी को तैयार हैं। अभिनेता ने आगामी फिल्म की शूटिंग मुंबई में शुरू कर दी है। हिट कॉमेडी फिल्म किस किस को प्यार करूंह्न के बहुप्रतीक्षित सीक्वल की शूटिंग आधिकारिक तौर पर मुंबई में शुरू हो चुकी है। अनुकल्प गोस्वामी के निर्देशन में तैयार फिल्म में कपिल शर्मा मुख्य भूमिका में हैं। हंसी और हंगामे के साथ डबल डोज देने वाली फिल्म के सीक्वल के निमार्ता रतन जैन, गणेश जैन और अब्बास-मस्तान हैं, जिसका निर्माण वीनस वर्ल्डवाइड एंटरटेनमेंट के तहत अब्बास मस्तान फिल्म प्रोडक्शन ने किया है। इस फिल्म में कपिल और अब्बास-मस्तान की जोड़ी फिर से साथ काम करने के लिए तैयार है। अब्बास मस्तान ने किस किसको प्यार करूं पहली फिल्म का निर्देशन किया था। किस किसको प्यार करूं 2 में अभिनेता कपिल शर्मा के साथ मनजोत सिंह भी नजर आएंगे। किस किस को प्यार करूंह्न की बात करें तो इसका निर्देशन अब्बास मस्तान ने किया था, जो साल 2015 में रिलीज हुई थी। कॉमेडी फिल्म के साथ कपिल शर्मा ने बॉलीवुड में अपने फिल्मी करियर की शुरूआत की थी। फिल्म में कपिल शर्मा के साथ अभिनेत्री साई लोकुर, जेमी लीवर, अरबाज खान, मंजरी फडनीस, सिमरन कौर मुंडी, एली अवराम, वरुण शर्मा, सुप्रिया पाठक, शरत सक्सेना और मनोज जोशी जैसे कलाकार अहम भूमिका में नजर आए थे। फिल्म में कपिल के किरदार का नाम कुमार शिव राम किशन रहता है। संक्षेप में फिल्म की कहानी पर नजर डालें तो इसमें कुमार ऐसी विषम परिस्थिति में फंस जाता है कि उसे तीन शादियां करनी पड़ती है। इसके अलावा उसकी एक खास दोस्त भी रहती है। तीन पत्नियों और एक गर्लफ्रेंड के साथ कुमार फंस जाता है और खुद को इस परिस्थिति में कैसे संभालता यही फिल्म का सार है ।दर्शकों ने फिल्म में कपिल की कॉमेडी को ना केवल पसंद किया, बल्कि उनकी एक्टिंग को भी सराहा। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल थी।

# फ्री में ऑनलाइन देख रहे फिल्म पुष्पा 2: द रूल

मुंबई, । पुष्पा 2ः द रूल रिलीज के डेढ़ महीने बाद भी यह फिल्म सिनेमाघरों में जोरदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को और भी दिलचस्प बनाने के लिए, इसके निर्मार्ताओं ने 17 जनवरी को पुष्पा 2 रीलोडेड नाम से फिल्म का एक एक्स्टेंडे वर्जन सिनेमाघरों में रिलीज किया। इस वर्जन में कुछ नई और एक्स्ट्रा फुटेज यानी खास दृश्य जोड़े गए थे। लेकिन, यह फिल्म ऑनलाइन लीक हो गई है। पुष्पा 2 रीलोडेड को तेलुगु और हिंदी दोनों भाषाओं में पायरेसी वेबसाइटों पर लीक किया गया है। इसके बाद लोग इस फिल्म को एचडी, 1080पी, 720पी और 480पी जैसे कई अलग-अलग रिजॉल्यूशन में डाउनलोड कर के देख सकते हैं। इन लीक फिल्म के स्क्रीनशॉट्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। यह ध्यान देने योग्य है कि पुष्पा 2ः द रूल भी रिलीज होते ही ऑनलाइन लीक हो गई थी, लेकिन इसका फिल्म की कमाई पर कोई असर नहीं पड़ा। पायरेसी के बावजूद, फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता हासिल की। सिनेमाघरों में दर्शकों की भारी भीड़ है, और फिल्म के टिकट भी बहुत तेजी से बिक रहे हैं। लोग अल्लू अर्जुन के शानदार अभिनय का आनंद ले रहे हैं। पुष्पा 2ः द रूल का रनटाइम लगभग 3 घंटे और 20 मिनट था, लेकिन पुष्पा 2 रीलोडेड का नया रनटाइम 3 घंटे और 40 मिनट है, जिसमें 20 मिनट के नए फुटेज जोड़े गए हैं। इस नए वर्जन में कई रोमांचक एक्शन सीक्वेंस और पुष्पराज और एसपी शेखावत के बीच की तीव्र राइवलरी दिखाई गई है, जिससे फिल्म की कहानी और भी दिलचस्प हो गई है। बता दें कि पुष्पा 2ः द रूल 5 दिसंबर, 2024 को रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो अब तक सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है।




# देसी लुक में खूबसूरती का जलवा बिखेरती नजर आईं मलाइका अरोड़ा

मुंबई, । 50 की उम्र पार कर चुकीं एक्ट्रेस मलाइका अरोडा आज भी किसी 22-23 साल की एक्ट्रेस को मात देने में सफल रहती हैं। बॉडीकॉन ड्रेस से लेकर पटियाला सूट पहनकर सबके मन चढ़ने वाली 51 साल की मलाइका ने एक बार फिर देसी लुक में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरती नजर आईं। मिंट ग्रीन कलर की साड़ी में एक्ट्रेस हमेशा की तरह खूबसूरत लगीं। मलाइका की यह साड़ी खूबसूरत होने के साथ ही बेहद यूनिक भी थी। चलिए आपको बताते हैं उनकी साड़ी में क्या खास था। मलाइका को हाल ही में एक इवेंट के लिए वानी वत्स के फैशन लेबल वीवानी की खूबसूरत मिंट ग्रीन चंडीलियर ड्रॉप शिफॉन साड़ी पहने देखा गया। इस शिफॉन साड़ी को एक्ट्रेस ने हैंड एम्ब्रॉयडेड ब्लाउज के साथ पेयर किया। यह ब्लाउज बेशक जॉर्जेट ब्लाउज फैब्रिक का था, लेकिन इस पर शीशे को जड़ा गया था।

# अर्शी भारती की अदाओं ने जीते दिल, 90 सेकेंड की प्रेम कहानियों का डिजिटल की दुनिया में नया धमाका



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । जमशेदपुर से मुंबई कुछ बड़ा करने की हसरत लिए आई अभिनेत्री अर्शी भारती इन दिनों ओटीटी की नई सेंसेशन हैं। इसकी वजह है ओटीटी का वह प्रयोग जिसमें एफएम चैनलों की तरह कहानी को 90 सेकंड में कहने का जोर पकड़ रहा है। अर्शी भारती ने जब से अपने सोशल मीडिया पर अपनी डेब्यू सीरीज ह्यदिल तू जान तू का ट्रेलर साझा किया है, इस नए विचार की पूरे मुंबई मनोरंजन जगत में चर्चाएं हो रही हैं। वर्टिकल फॉर्मेट में बनी इस सीरीज से ही अर्शी का ओटीटी डेब्यू हो रहा है। छोटे परदे पर अर्शी भारती खूब कमाल दिखा चुकी हैं। व्हिसलिंग वूड्स इंटरनेशनल से निकलने के बाद अर्शी ने किशोर नमित कपूर के यहां से भी एक्टिंग का डिप्लोमा कोर्स किया और अपने पहले ही मौके में वह दर्शकों को आकर्षित करने में कामयाब रहीं। अर्शी को पहला मौका निर्देशक आशुतोष गोवारिकर की फिल्म पानीपत में कैमरे के सामने पहला ब्रेक मिला। इस फिल्म में वह कृति सैनन की सखी बनी हैं। और, इसके बाद जब वह ह्यतारक मेहता का उल्टा चश्मा में दिखीं तो लोग बस उन्हें देखते ही रह गए। अर्शी बताती हैं, मैंने सोनी टीवी का शो ह्यबरसातें प्यार का किया तो मेरे पास बहुत सारे फोन आए। इसमें मैंने शिवांगी जोशी की दोस्त का किरदार निभाया है। अभिनय और किरदार का रोमांच मुझे एक और स्तर ऊपर ले गया स्टार प्लस के शो रब राखा में जिसमें मुझे एक को पायलट का किरदार करने का मौका मिला। अर्शी आवाज की दुनिया में भी अच्छी पहचान बना रही है और उनकी आवाज कई ओटीटी सीरीज और फिल्मों में बतौर वॉयस आर्टिस्ट सुनाई देने लगी है। वेब सीरीज दिल तू जान तू का जिक्र चलने पर वह बताती हैं, ह्ययें मेरी पहली ओटीटी सीरीज है। मान सकते हैं कि ये मेरा ओटीटी डेब्यू है। लेकिन, उससे भी बड़ी बात ये है कि ये देश में ओटीटी पर वर्टिकल सीरीज और सिर्फ डेढ़ मिनट यानी 90 सेकेंड में कहानी कहने की परंपरा को मजबूती दे रही है। इसके पहले नौ एपिसोड ओटीटी रीलीज पर जारी हो चुके हैं, अगले नौ एपिसोड अगले हफ्ते रिलीज होने वाले हैं। आमतौर पर ओटीटी पर दिखने वाली कहानियां क्षैतिजाकार (हॉरिजॉन्टल) तरीके से शूट की जाती है यानी कि वीडियो देखने के लिए मोबाइल को घुमाकर पकड़ना होता है। पर अब अमेरिका में कुछ ऐसे ओटीटी की खूब धूम मची है जिनमें वीडियो उध्र्वाकार (वर्टिकल) तरीके से शूट किए जा रहे हैं। रीलीज ओटीटी की पहचान इन्हीं वर्टिकल वीडियो सीरीज के चलते बनती दिख रही है। इसमें एपिसोड भी छोटे छोटे रखे जा रहे हैं।

# सिग्नेचर स्टाइल साड़ी में नजर आईं रेखा



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । बॉलीवुड एक्ट्रेस रेखा बेमिसाल सुंदरता और खूबसूरती के चलते अकसर चचाओं में रहती हैं। हाल ही में उन्हें डिनर के लिए बाहर जाते हुए देखा गया, जहां वें मोती से सजी सफेद रेशमी साड़ी में नजर आईं। एक्ट्रेस अपने यूनिक अंदाज के साथ रेखा हमेशा फैंस का दिल जीतने में सफल रहती हैं। बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस रेखा बीती रात अपनी सिग्नेचर स्टाइल साड़ी में नजर आईं। उन्होंने सफेद और गोल्डन कलर की सिल्क साड़ी पहनी थी, जिसमें वें बेहद सुंदर लग रही थीं। साड़ी पर दी गई गोल्डन डिटेलिंग ने उनके लुक में चार चांद लगा दिए। एक्ट्रेस ने साड़ी के साथ फ्री-पल्लू कैरी किया, जो उनके लुक को और ज्यादा खूबसूरत बना रहा था। इस साड़ी के साथ एक्ट्रेस ने क्रू नेकलाइन वाला मैचिंग ब्लाउज पेयर किया। हालांकि, रेखा के इस लुक की लाइमलाइट उनका क्रीम कलर का रेशमी दुपट्टा बना, जिसे उन्होंने अपने शोल्डर पर शॉल की तरह लपेटा रखा था। रेखा का मेकअप हमेशा की तरह इस बार भी क्लासिक था। उन्होंने ब्राइट रेड लिपस्टिक, लाल बिंदी, और मैचिंग रेड नेल पेंट के साथ अपने लुक को निखारा। गालों पर हल्का ब्लश, डार्क आईब्रो और हल्का सा हाइलाइटर लगाया हुआ था। हेयरस्टाइल में उन्होंने मांग में सिंदूर भरते हुए बालों का खूबसूरत जूड़ा बनाया था। इसके साथ गोल्डन ईयररिंग्स और चूड़ियां उनके ट्रेडिशनल लुक को पूरा कर रही थीं। अपने लुक को और भी ग्रेसफुल बनाते हुए रेखा ने पर्स की जगह गोल्डन पोटली कैरी की और सनग्लासेस के साथ स्टाइल किया। चाहे कोई पार्टी हो या खास इवेंट, रेखा अपने शानदार फैशन सेंस से हर बार लोगों का दिल जीत लेती हैं। रेखा को देखकर कोई यकीन नहीं कर सकता कि उनकी उम्र 69 साल है। बढ़ती उम्र के साथ भी वे फैशन को नए लेवल पर ले जाने के लिए जानी जाती हैं।

# आईफा पुरस्कार ने भारतीय सिनेमा को दुनिया भर में आगे बढ़ाया: शाहरुख खान

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई, । बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने भारतीय सिनेमा को वैश्विक मंच पर ले जाने का श्रेय अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (आईफा) पुरस्कारों को दिया है। पिछले दो दशकों से आईफा पुरस्कार से जुड़े बॉलीवुड कलाकार ने कहा,यह एक शानदार यात्रा रही है, यह बहुत मजेदार रही है। शो की शुरूआत से लेकर अंत तक, वे हमेशा हमारा ख्याल रखते हैं। खान ने शुक्रवार शाम को आईफा के संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं को बताया कि उन्हें अतीत में आईफा पुरस्कार में प्रस्तुति देने और मेजबानी करने में बहुत मजा आया है। खान ने कहा कि वह जयपुर में आठ और नौ मार्च को आयोजित होने वाले आईफा पुरस्कार समारोह के 25वें संस्करण का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, मैं एक फिल्म की शूटिंग शुरू करने जा रहा था और जब उन्होंने मुझे बताया कि आईफा के पच्चीस वर्ष पूरे होने जा रहे हैं और मुझे वहां होना चाहिए, तो मैं यहां भागा। मैं जयपुर आने और वहां आनंद लेने के लिए उत्सुक हूं। आगामी अवार्ड शो की मेजबानी करने जा रहे भूल भुलैया 3 के अभिनेता कार्तिक आर्यन ने कहा, आईफा की 25वीं वर्षगांठ का हिस्सा बनकर खुश हूं। मैं मेजबानी करने जा रहा हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रस्तोता बनूंगा क्योंकि कोई भी उन्हें (शाहरुख को) हरा नहीं सकता। जब भी शाहरुख सर ने मेजबानी की है या प्रदर्शन किया है तो स्टेडियम जैसा प्रभाव होता है। खान ने हल्के-फुल्के अंदाज में आर्यन को सिखाया कि जयपुर में लोगों की मेजबानी पधारो म्हारे देश, राजस्थान, से किया जाता है, आर्यन ने भी वही दोहराया। संवाददाता सम्मेलन में राजस्थान की उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी भी मौजूद थीं, जिन्होंने कहा कि जयपुर में आईफा पुरस्कार समारोह की मेजबानी करना उनके लिए सम्मान की बात है। उप मुख्यमंत्री ने कहा,हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नवाचार के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, राजस्थान अपने वैभव को प्रदर्शित करने के इस अवसर को गर्व से स्वीकार करता है। उन्होंने कहा,तीन दिवसीय आईफा पुरस्कार समारोह और इससे संबंधित कार्यक्रम न केवल सिनेमाई उत्कृष्टता को सम्मानित करेंगे, बल्कि राजस्थान के जीवंत पर्यटन क्षेत्र में निवेश और विकास को भी बढ़ावा देंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### अमिताभ बच्च न इंडिया गेट बासमती चावल के बने ब्रांड एंबेसडर

नई दिल्ली, ।इंडिया गेट बासमती चावल की मूल कंपनी केआरबीएल लिमिटेड ने दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन को अपने बासमती चावल इंडिया गेट ब्रांड का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। कंपनी ने शनिवार को एक्सा पोस्टस पर जारी एक बयान में केआरबीएल लिमिटेड ने दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन को इंडिया गेट बासमती चावल का ब्रांड एंबेसडर बनाकर अपनी साझेदारी का खुलासा किया है। केआरबीएल ने कहा कि इंडिया गेट के साथ अमिताभ बच्चन का जुड़ाव ब्रांड की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अमिताभ बच्चन ने कहा कि इंडिया गेट बासमती चावल सिर्फ एक ब्रांड नहीं है। यह एक विरासत है, जो पीढ़ियों से भारतीय घरों का हिस्सा है। केआरबीएल लिमिटेड के भारत में व्यवसाय प्रमुख आयुष गुप्ता ने कहा कि हम अमिताभ बच्चन का केआरबीएल परिवार में स्वागत करते हुए सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंभने कहा कि उनका शानदार कद, अटूट ईमानदारी और कालातीत आकर्षण हमारे मूल्यों और समृद्ध विरासत के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। गुप्ता ने कहा कि उनकी मौजूदगी के साथ कंपनी का लक्ष्य अपने उपभोक्ता जुड़ाव को गहरा करना है। उल्लेउखनीय है कि केआरबीएल लिमिटेड एक भारतीय चावल प्रसंस्करण और निर्यात करने वाली कंपनी है, जो दुनिया की सबसे बड़ी चावल मिलर है। ये कंपनी अपने इंडिया गेट ब्रांड के बासमती चावल के लिए सबसे ज्यादा जानी जाती है, जो भारत में सबसे ज्यादा बिकने वालाड्ड।

### डॉर्फ-केटल केमिकल्स ने 5,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए

नई दिल्ली, ।विशेष रसायन कंपनी डॉर्फ-केटल केमिकल्स इंडिया लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 5,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास आरंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास शुक्रवार को दस्तावेजों के मसौदे (डीआरएचपी) के अनुसार, आईपीओ में 1,500 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम और प्रवर्तक मेनन फैमिली होल्डिंग्स ट्रस्ट द्वारा 3,500 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। नए निर्गम से प्राप्त 82.90 करोड़ रुपये की राशि कर्ज भुगतान के लिए, 33.30 करोड़ रुपये अनुषंगी कंपनी डॉर्फ-केटल केमिकल्स एफजेडई में बकाया उधारी चुकाने या पूर्व भुगतान के लिए दिए जाएंगे तथा शेष राशि का उपयोग सामान्य कंपनी कामकाज के लिए किया जाएगा। साल 1992 में स्थापित डॉर्फ-केटल केमिकल्स एक अनुसंधान एवं विकास तथा नवाचार-केंद्रित वैश्विक निमार्ता और हाइड्रोकार्बन तथा औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखलाओं में विशिष्ट रसायनों की आपूर्तिकर्ता है। पिछले साल 31 अक्टूबर तक कंपनी के ग्राहक आधार में रिलायंस इंडस्ट्रीज, पेट्रोनास, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, पीपीजी इंडस्ट्रीज, क्लेरिएंट, लिबर्टी एनर्जी, इटालियाना पेट्रोली और वेदांता शामिल थे। अक्टूबर, 2024 तक कंपनी के पास चार देशों में 16 विनिर्माण सुविधाएं हैं। इनमें भारत में आठ, ब्राजील में दो, अमेरिका में तीन और कनाडा में तीन हैं।

### यस बैंक का शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में लगभग तीन गुना होकर 612 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली, ।यस बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में करीब तीन गुना होकर 612 करोड़ रुपये रहा है। खराब कर्ज के लिए प्रावधानों में कमी आने से यह लाभ हुआ। निजी क्षेत्र के इस बैंक का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 231 करोड़ रुपये रहा था। यस बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आमदनी चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बढ़कर 9,341 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 8,179 करोड़ रुपये थी। बैंक की ब्याज आय समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 7,829 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 6,984 करोड़ रुपये थी। निजी क्षेत्र के बैंक की शुद्ध ब्याज आय दिसंबर तिमाह में 10 प्रतिशत बढ़कर 2,224 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 2,017 करोड़ रुपये थी। बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 2.4 प्रतिशत पर स्थिर रहा।

# सराफा बाजार में तेजी का रुख, महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक



प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । घरेलू सराफा बाजार आज तेजी का रुख बना हुआ है। सोना आज 310 रुपये से लेकर 340 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में 1,100 रुपये प्रति किलोदग्राम तक की तेजी आई है। कीमत में उछाल आने के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 82,430 रुपये से लेकर 82,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 75,560 रुपये से लेकर 75,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी तेजी आने के कारण दिल्ली सराफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 97,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 82,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 75,710 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 82,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 82,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 75,610 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 82,430 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 75,560 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 82,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 82,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 75,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 82,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 75,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 82,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 82,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 75,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट रही जारी

- सेंसेक्स 428 अंक की गिरावट के साथ 76,190 पर बंद
- निफ्टी 111 अंक की गिरावट के साथ 23,092 पर बंद


प्रात: किरण/एजेंसी



मुंबई, । साप्ताहिक आधार पर लगातार तीसरे सप्ताह भी घरेलू शेयर बाजार में गिरावट जारी रही। ट्रंप सरकार की नीतियां, लगाता एफआईआई की बिकवाली, मिलेजुले तिमाही नतीजे और वैश्विक बाजार ने घरेलू शेयर बाजार का सेंटिमेंट खराब किया। हालांकि रूपए में मजबूती और कच्चे तेल की गिरावट से बाजार को सहारा मिला। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में हल्की बढ़त देखी गई। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 398.21 अंक चढ़कर 77,017.54 अंक पर खुला और 454.11 अंकों की बढ़त के साथ 77,073.44 पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी 105.15 अंक चढ़कर 23,308.35 अंक पर खुला और 141.55 अंक मजबूत होकर 23300 का आंकड़ा पार करते हुए 23,344.75 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को सपाट शुरूआत के बाद लाल निशान पर आ गया। इस दौरान शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 188.28 अंक चढ़कर 77,261.72 पर खुला और 1,235.08 अंक या 1.60 प्रतिशत गिरकर 75,838.36 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 52.65 अंक चढ़कर 23,397.40 अंक पर खुला और 141.55 अंक बढ़कर 23,344.75 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को तेजी देखी गई। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 248.21 अंक चढ़कर 76,086.57 अंक पर खुला और 566.63 अंक बढ़कर 76,404.99 पर बंद हुआ। निफ्टी 95.50 अंक चढ़कर 23,120.15 अंक पर खुला और 130.70 अंक चढ़कर 23,155.35 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 136.01 अंक गिरकर 76,268.98 अंक पर खुला और 115.39 अंक चढ़कर 76,520.38 पर बंद हुआ। निफ्टी 46.65 अंक गिरकर 23,108.70 अंक पर खुला और 50.00 अंकों की मजबूती के साथ 23,205.35 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन हरे निशान पर खुला। हालांकि, थोड़ी देर बाद ही शेयर बाजार में गिरावट देखी जाने लगी और सेंसेक्स और निफ्टी ने अपनी शुरूआती बढ़त गंवा दी। सेंसेक्स 282.35 अंक चढ़कर 76,802.73 अंक पर खुला और 428.87 अंक की गिरावट के साथ 76,190.46 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 86.7 अंक चढ़कर 23,292.05 अंक पर खुला और 111 अंक की गिरावट के साथ 23,092.20 के स्तर पर बंद हुआ।

# आरबीआई ने 4 बैंकों पर की कार्रवाई

### जम्मू एवं कश्मीर बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और केनरा बैंक पर लगाया जुर्माना




प्रात: किरण/एजेंसी

मुंबई, । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियामकीय अनुपालन में कमियों के लिए जम्मू एवं कश्मीर बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और केनरा बैंक पर जुमार्ना लगाया है। जम्मू-कश्मीर बैंक पर वित्तीय समावेशन- बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच बुनियादी बचत बैंक जमा खाता (बीएसबीडीए), केवाईसी और ऋण और अग्रिम वैधानिक और अन्य प्रतिबंध से संबंधित कुछ मानदंडों के उल्लंघन के लिए 3.31 करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। एक अन्य विज्ञप्ति में रिजर्व बैंक ने कहा कि बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के कुछ प्रावधानों का पालन नहीं करने के लिए बैंक ऑफ इंडिया पर एक करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। रिजर्व बैंक ने कहा कि प्राथमिकता क्षेत्र ऋण, जमा पर ब्याज दर और वित्तीय समावेशन, बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच- बीएसबीडीए पर कुछ निदेशों का पालन न करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक पर 1.63 करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। साथ ही गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी द्वारा वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग में जोखिम प्रबंधन और आचार संहिता पर रिजर्व बैंक द्वारा जारी कुछ निदेशों का पालन न करने के लिए डेटसन एक्सपोर्ट्स पश्चिम बंगाल पर एक लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। प्रत्येक मामले में रिजर्व बैंक ने कहा कि दंड, वैधानिक और नियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित हैं और इनका उद्देश्य संस्थाओं द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी लेनदेन या समझौते की वैधता पर सवाल उठाना नहीं है।

# रिटेल सेक्टर लीजिंग बनी मजबूत, 2024 में 27 नए वैश्विक ब्रांड्स ने किया भारत में प्रवेश




प्रात: किरण/एजेंसी

मुंबई, । भारतीय रिटेल सेक्टर ने 2024 में देश के सात प्रमुख शहरों के शॉपिंग मॉल और हाई स्ट्रीट्स में कुल 8.1 मिलियन वर्गफुट जगह किराए पर ली। एक रिपोर्ट के अनुसार, नई जगहों की सीमित आपूर्ति के बावजूद यह संभव हुआ। जेएलएल इंडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस साल मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, कोलकाता, चेन्नई, पुणे और हैदराबाद में सात नई रिटेल जगहें जुड़ीं, जिनका कुल क्षेत्रफल लगभग 1.7 मिलियन वर्गफुट था। भले ही अच्छी गुणवत्ता वाली नई जगहों की आपूर्ति कम रही, लेकिन रिटेल सेक्टर में किराए पर जगह लेने का सिलसिला पूरे साल जारी रहा। रिटेलर्स ने विभिन्न फॉर्मेट्स में अपने नेटवर्क का विस्तार किया। कुल रिटेल लीजिंग में बेंगलुरु का हिस्सा 34% रहा, जबकि दिल्ली-एनसीआर और मुंबई का हिस्सा 14-14% था। कुल 62% रिटेल स्पेस इन्हीं तीन शहरों में लिया गया, जिससे पता चलता है कि इन प्रमुख बाजारों में रिटेल स्पेस की मजबूत मांग है। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में फैशन और कपड़ों के क्षेत्र में रिटेल स्पेस की सबसे अधिक मांग रही। बेंगलुरु ने 2.8 मिलियन वर्गफुट रिटेल लीजिंग के साथ दिल्ली-एनसीआर और मुंबई को पीछे छोड़ दिया। 2024 में 27 नए अंतरराष्ट्रीय ब्रांड भारत में आए, जो 2023 के मुकाबले दोगुने से अधिक हैं। पिछले चार सालों में 60 अंतरराष्ट्रीय ब्रांड भारतीय बाजार में उतरे हैं, जो भारतीय ग्राहकों की वैश्विक ब्रांडों के प्रति रुचि को दशार्ता है। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में आए नए अंतरराष्ट्रीय ब्रांड कुल अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स का 45% थे, जो 2021 से अब तक भारत में प्रवेश कर चुके हैं। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय रिटेलर्स की रुचि बनी रही, लेकिन घरेलू रिटेलर्स का दबदबा रहा। उन्होंने कुल किराए पर ली गई जगह का 80% हिस्सा (करीब 6.5 मिलियन वर्गफुट) लिया। राहुल अरोड़ा, प्रमुख (ऑफिस लीजिंग एंड रिटेल सर्विस), और वरिष्ठ प्रबंध निदेशक- कर्नाटक, केरल, भारत, जेएलएल ने बताया, अधिकतर अंतरराष्ट्रीय रिटेलर्स ने अपना पहला स्टोर दिल्ली-एनसीआर में खोला, इसके बाद मुंबई का स्थान रहा। लक्जरी रिटेल सेक्टर ने भी 2024 में 1.9 लाख वर्गफुट जगह किराए पर लेकर अपनी मजबूती बनाए रखी।

# नीति आयोग के राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक में ओडिशा शीर्ष पर




प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । नीति आयोग के राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक (एफएचआई) 2025 में ओडिशा, छत्तीसगढ़ और गोवा शीर्ष पर हैं। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने शुक्रवार को नीति आयोग की रिपोर्ट का पहला अंक जारी किया। एफएचआई 2025 रिपोर्ट 18 प्रमुख राज्यों के राजकोषीय स्वास्थ्य का व्यापक मूल्यांकन प्रदान करती है। व्यय की गुणवत्ता, राजस्व जुटाना, राजकोषीय विवेक, ऋण सूचकांक और ऋण स्थिरता, साथ ही राज्य-विशिष्ट चुनौतियों और सुधार के क्षेत्रों की जानकारी उपलब्ध कराने वाले पांच प्रमुख उप-सूचकांकों के आधार पर राज्यों का मूल्यांकन किया गया है। 67.8 के स्कोर के साथ, ओडिशा 18 प्रमुख राज्यों में राजकोषीय स्वास्थ्य में रैंकिंग में शीर्ष पर है। इसके बाद छत्तीसगढ़ (55.2) और गोवा (53.6) का स्थान है। रिपोर्ट में झारखंड में भी सुधार को दशार्या गया है, जिसने राजकोषीय विवेक और ऋण स्थिरता को मजबूत किया है। हालांकि, व्यय गुणवत्ता और ऋण प्रबंधन में कमजोर प्रदर्शन के कारण कर्नाटक को गिरावट का सामना करना पड़ा। ये अंतरराज्यीय असमानताएं विशिष्ट राजकोषीय चुनौतियों का समाधान करने और सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए लक्षित सुधारों की आवश्यकता को उजागर करती हैं। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा,राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक रिपोर्ट भारतीय राज्यों के राजकोषीय स्वास्थ्य पर केंद्रित एक वार्षिक प्रकाशन होगा, जो डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा जिसका लाभ समग्र राजकोषीय शासन, आर्थिक मजबूती और राष्ट्र की स्थिरता में सुधार के लिए सूचित राज्य-स्तरीय नीति हस्तक्षेपों के लिए उठाया जाएगा। एफएचआई का उद्देश्य उप-राष्ट्रीय स्तर पर राजकोषीय स्थिति पर प्रकाश डालना और सतत और लचीले आर्थिक विकास के लिए नीति सुधारों का मार्गदर्शन करना है। पनगढ़िया ने रिपोर्ट लॉन्च करते हुए कहा,राज्यों को संतुलित क्षेत्रीय विकास, दीर्घकालिक राजकोषीय स्थिरता और विवेकपूर्ण शासन के लिए एक स्थिर राजकोषीय मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा, एफएचआई राज्य-स्तरीय राजकोषीय प्रदर्शन को मापने के लिए एक व्यापक और व्यवस्थित दृष्टिकोण प्रदान करता है और व्यापक राजकोषीय रुझानों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, जिससे देश भर में राजकोषीय स्वास्थ्य की बेहतर समझ बनती है। यह राजकोषीय स्वास्थ्य और सतत विकास के लिए एक अधिक एकीकृत दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में मदद करता है, जिससे राष्ट्रीय समृद्धि प्राप्त करने में सरकार के दोनों स्तरों की साझा जिम्मेदारी को बल मिलता है। प्रमुख राजकोषीय संकेतकों पर ध्यान केंद्रित करके, एफएचआई राज्यों को अपनी राजकोषीय रणनीतियों को राष्ट्रीय उद्देश्यों संग सामंजस्य स्थापित करने में मदद करता है। जिससे राजकोषीय रूप से स्थिर और समृद्ध भारत के लक्ष्य में उनका योगदान सुनिश्चित होता है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि राज्यों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलता है। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि एफएचआई के निष्कर्ष भारत के विकसित भारत एट 2047 को प्राप्त करने के विजन के अनुरूप हैं।

# आईसीआईसीआई बैंक का मुनाफा 15 प्रतिशत बढ़ा




प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । निजी क्षेत्र के दूसरे सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक का एकल शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही में 11,792 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 10,272 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ की तुलना में करीब 15 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने शनिवार को निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी वित्तीय लेखजोखा में कहा कि उसकी कुल आमदनी चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बढ़कर 48,368 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 42,792 करोड़ रुपये रही थी। बैंक की ब्याज आय बढ़कर 41,300 करोड़ रुपए रही : बैंक की ब्याज आय समीक्षाधीन अवधि में बढ़कर 41,300 करोड़ रुपए रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 36,695 करोड़ रुपए रही थी। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर बैंक का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात दिसंबर तिमाही के अंत में सुधरकर 1.96 प्रतिशत हो गया, जो 1साल पहले 2.3 प्रतिशत था। इसी तरह शुद्ध एनपीए या खराब ऋण घटकर 0.42 प्रतिशत रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के अंत में 0.44 प्रतिशत था। कर को छोड़कर कुल प्रावधान 1,227 करोड़ हुआ : हालांकि कर को छोड़कर कुल प्रावधान तिमाही के दौरान बढ़कर 1,227 करोड़ रुपए हो गया, जो 1 साल पहले इसी समय 1,049 करोड़ रुपए था। दिसंबर तिमाही के अंत में गैर-निष्पादित ऋणों पर प्रावधान कवरेज अनुपात 78.2 प्रतिशत था। पूंजी पर्याप्तता अनुपात बढ़कर 14.71 प्रतिशत हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के अंत में 14.61 प्रतिशत था।

# सरकारी ई-मार्केटप्लेस ने वित्त वर्ष 2024-25 में 10 महीनों के अंदर चार लाख करोड़ रुपये का जीएमवी किया पार

GeM Government e Marketplace

Efficient • Transparent • Inclusive

नई दिल्ली, । सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) ने एक नया मानक स्थापित करते हुए चालू वित्त वर्ष 2024-25 के 10 महीनों के अंदर पिछले साल के 4 लाख करोड़ रुपये के सकल व्यापारिक मूल्य (जीएमवी) को पार कर लिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, 23 जनवरी तक जीईएम ने 4.09 लाख करोड़ रुपये का जीएमवी दर्ज किया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाता है। सेगमेंट-वाइज जीएमवी के संदर्भ में, सर्विस सेगमेंट का योगदान 2.54 लाख करोड़ रुपये (कुल जीएमवी का 62 प्रतिशत) रहा, जबकि प्रोडक्ट सेगमेंट का योगदान 1.55 लाख करोड़ रुपये (कुल जीएमवी का 38 प्रतिशत) रहा। वित्त वर्ष 2025 में जीईएम पर सर्विस सेगमेंट की बढ़ोतरी ने पोर्टल की वृद्धि को काफी बढ़ावा दिया है। मंत्रालय के अनुसार, जीईएम पर सर्विसेज की पेशकश के विस्तार पर जोर देते हुए, वित्त वर्ष 2025 में पोर्टल पर 19 नई सर्विस कैटेगरी शुरू की गई हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में सर्विस सेगमेंट में लगभग 100 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मंत्रालय ने बताया, ह्लइस प्लेटफॉर्म ने डेबिट कार्डों की छपाई, बल्क ईमेल सर्विस, डार्क फाइबर लीजिंग, डेटा सेंटर के ऑपरेशन मैनेजमेंट और अन्य विशेष सर्विसेज की खरीद की सुविधा प्रदान किया। साथ ही सरकारी संस्थाओं को विश्वसनीय विक्रेताओं से सोर्स प्राप्त करने में सक्षम बनाया है, इसके परिणाम स्वरूप महत्वपूर्ण इफिसिएन्सी प्राप्त हुई ह्व. जीएमवी में बेहतरीन बढ़ोतरी में केंद्र सरकार की संस्थाओं का प्रमुख योगदान रहा है। कोयला, रक्षा, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बिजली और इस्पात मंत्रालय जीईएम पर टॉप पांच खरीदार थे। लगभग 1.63 लाख करोड़ रुपये के लेनदेन वाले ऑर्डर मूल्य के साथ, कोयला मंत्रालय शीर्ष खरीदार के रूप में उभरा है। इसमें कोयला पीएसयू द्वारा हैंडलिंग और परिवहन सेवाओं के लिए लगभग 42,000 करोड़ रुपये की 320 से अधिक उच्च-मूल्य बोलियां लगाई गई हैं। लगातार आसान बनाने और सुधारने के माध्यम से, जीईएम पोर्टल ने स्थापना के बाद से 11.64 लाख करोड़ रुपये से अधिक के जीएमवी के 2.59 करोड़ से अधिक ऑर्डर सफलतापूर्वक प्रदान किए हैं। मंत्रालय ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान, जीईएम ने एक ही दिन में 49,960 ऑर्डर प्रोसेसिंग करके एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है, जो जीईएम इकोसिस्टम की सीमलेस एफिशिएंसी, मजबूती और सभी हितधारकों द्वारा इसे तेजी से अपनाने का उदाहरण है।

# एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का मुनाफा 18 फीसदी बढ़कर 66 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली, । एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) ने शनिवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 18 फीसदी बढ़कर 65.61 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि एक साल पहले इसी तिमाही में उसने 55.61 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय सालाना आधार पर 463.46 करोड़ रुपये से बढ़कर 581.46 करोड़ रुपये हो गई।










































































मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129